वर्ष- 13 अंक - 07
लखनऊ, शुक्रवार 05 सितम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

कॉलेजों में मनमानी फीस बढ़े तो राजभवन में शिकायत करें : राज्यपाल 03

जाब कार्ड धारक महिलाओं को रोजपरक जानकारी देने के निर्देश 12

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 98,330/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 90,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 73760/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,10,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में अवैध कॉल सेंटर पर छापा, 30 हिरासत में

वाराणसी। वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के अवलेशपुर में पुलिस ने गुरुवार रात छापेमारी कर एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में करीब 30 लोगों को हिरासत में लिया गया। मौके से 35 से अधिक डेस्कटॉप और कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, कॉल सेंटर का संचालन दो मैनेजर कर रहे थे, जबकि अन्य कर्मचारी कॉलिंग के जरिए लोगों से संपर्क करते थे। यह गिरोह निवेश और पार्सल के नाम पर लोगों के साथ ठगी कर रहा था। पुलिस को कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि रोहनिया क्षेत्र में एक बड़ा अवैध कॉल सेंटर संचालित हो रहा है।

# शिक्षक मजबूत देश व सशक्त समाज की बुनियाद : मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों से किया संवाद
- जीएसटी कटौती को बताया धनतेरस की रौनक बढ़ाने वाला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग में संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का कार्य केवल कक्षा तक सीमित नहीं बल्कि उससे आगे भी चरित्र निर्माण और युवा शक्ति की जिज्ञासा को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक मजबूत देश और एक सशक्त समाज की बुनियाद होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा देना देश सेवा के क्षेत्र में किसी अन्य सेवा से कम नहीं है। आज भारत विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसमें गुरु शिष्य परंपरा हमारे लिए बहुत बड़ी ताकत है। शिक्षक एक मजबूत देश और एक सशक्त समाज की बुनियाद होते हैं। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक सिर्फ वर्तमान नहीं बल्कि देश की भावी पीढ़ी को गढ़ता है और भविष्य को निखारता है।

इस अवसर पर उन्होंने देश के विद्यार्थियों और युवा पीढ़ी के लिए एक सवाल पर जोर दिया और कहा कि आज के समय में इसे प्रचारित और प्रसारित किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यह सवाल धारण करना चाहिए कि मैं ऐसा क्या करूं जिससे मेरे देश की किसी न किसी आवश्यकता की पूर्ति हो।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर में की गई कटौती का विशेष तौर पर उल्लेख किया और कहा कि इससे भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पांच नए रत्न जुड़े हैं।

### नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी की नई दरें होंगी लागू

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जीएसटी ज्यादा सरल हो गया है और केवल दो 5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दर ही रह गई है। 22 सितंबर यानी यानी नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी की नई दरें लागू होंगी। इससे इस बार की धनतेरस की रौनक और भी ज्यादा रहेगी। दर्जनों चीजों से टैक्स कम हो गया है। 8 साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद कई दशकों का सपना साकार हुआ था। जीएसटी आजाद भारत का सबसे बड़े आर्थिक सुधारो में से एक था। प्रधानमंत्री ने जीएसटी को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले रसोई, खेती, दवा यहां तक की जीवन बीमा जैसी अनेक चीजों पर अलग-अलग टैक्स लगता था। उसे दौर में सौ रुपये के समान पर 20 से 25 रुपये टैक्स देना पड़ता था।

पहला, इससे कर व्यवस्था कहीं अधिक सरल हुई है। दूसरा, इससे भारत के नागरिकों की गुणवत्तापूर्ण जीवन में वृद्धि होगी। तीसरा, इससे उपभोग और विकास दोनों को नयी ऊर्जा मिलेगी। चौथा, इससे बिजनेस करना आसान होगा जिससे आगे निवेश और नौकरियां बढ़ेंगी। पांचवा, इससे विकसित भारत के लिए सहयोगी संघवाद और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मकसद है कि आम लोगों के जीवन में बचत ज्यादा से ज्यादा हो और उनका जीवन बेहतर बने। साथ ही उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया कि आज देश को आत्मनिर्भर बनाने के रिफॉर्म्स का सिलसिला रुकने वाला नहीं है। हमारे लिए 'आत्मनिर्भरता' नारा नहीं बल्कि एक ठोस प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज देश में राजनीतिक इच्छा शक्ति रखने वाली सरकार है, ऐसी सरकार देश के उज्जवल भविष्य और बच्चों की भविष्य की चिंता करती है। हम किसी भी दबाव की परवाह किए बिना ऑनलाइन गेमिंग के संबंध में कानून लाए। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आगे बढ़ते भारत में जीएसटी में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म किया गया है, जीएसटी 2.0 देश के लिए सपोर्ट और विकास की दोहरी खुराक है।

# रूस-भारत के सवाल को लेकर पत्रकार पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप, दी चेतावनी

- दूसरे और तीसरे चरण के प्रतिबंध अभी भी विचाराधीन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर दोहरा हमला बोलते हुए कहा कि उनके प्रशासन ने रूसी तेल ख़रीद जारी रखने के लिए भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाए हैं और संकेत दिया कि आगे और भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस कदम से मॉस्को को पहले ही सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है और चेतावनी दी कि दूसरे और तीसरे चरण के प्रतिबंध अभी भी विचाराधीन हैं।

डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान ओवल ऑफिस में पोलैंड के राष्ट्रपति करोल नवरोकी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान आई। जब एक पोलैंड के पत्रकार ने उनसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति अपनी नाराजगी दिखाने के बावजूद कोई कार्रवाई न करने के बारे में सवाल किया, तो ट्रंप काफी नाराज दिखे।

पत्रकार के सवाल पर पलटवार करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आपको कैसे पता कि कोई कार्रवाई नहीं हुई? क्या आप कहेंगे कि चीन के बाहर सबसे बड़े खरीदार भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाना लगभग बराबर है? क्या आप कहेंगे कि कोई कार्रवाई नहीं हुई? इससे रूस को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। आप इसे कोई कार्रवाई नहीं कहेंगे? और मैंने अभी तक दूसरा या तीसरा चरण पूरा नहीं किया है। लेकिन जब आप कहते हैं कि कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो मुझे लगता है कि आपको कोई नई नौकरी ढूंढ लेनी चाहिए।

# सुरक्षा के माहौल से आता है निवेश : योगी

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

- जाति के नाम पर बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले नहीं करा सकते विकास : सीएम



पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में गुरुवार का दिन काफी अहम रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण किया। निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कम्पनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार में बने सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताया। इस संदर्भ के उन्होंने पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था।

गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था। डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की सम्भावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है। निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं। रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है। उन्होंने बिना नाम लिए सपा पर शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले, प्रदेश को दंगों की आग में झोंकने वाले लोगों ने नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया। वोट बैंक की राजनीति में सुरक्षा से खिलवाड़ किया। बेटी-बहन की इज्जत की परवाह नहीं की, मातृशक्ति की गरिमा का ख्याल नहीं किया। ऐसे लोगों से विकास की उम्मीद कैसे की जा सकती है। जब ऐसे लोगों को मौका मिला और विकास नहीं करा पाए तो वे आगे भी नहीं करा पाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि सपा सरकार में उद्यमियों, व्यापारियों से वसूली होती थी, गुंडा टैक्स लिया जाता था। आज ऐसा करने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। किसी ने गुंडा टैक्स वसूला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते मिलेंगे। सपा सरकार में बिजली यदा कदा आती थी। ये उजाले के दुश्मन थे। उन्होंने समाज में अराजकता फैलाई। जातीय आधार पर सामाजिक ताना बाना छिन्न भिन्न किया।

### पुलिस में भर्ती पाने वाले के परिवार को करें सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में 60 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई है। इनमें गोरखपुर से भी काफी संख्या में युवा भर्ती हुए हैं। उन्होंने अपील की कि जिन गांवों के युवा पुलिस में भर्ती हुए हैं, ग्रामीणों को उनके परिवार को सम्मानित करना चाहिए। सीएम ने कहा कि अभी 2538 मुख्य सेविकाओं की भर्ती हुई है। पुलिस में सब इंस्पेक्टर की भर्ती निकल चुकी है। नई भर्ती के लिए भी विज्ञापन आने वाला है। इस तरह सरकारी नौकरियों की भी बाढ़ आई हुई है। हर तरफ रोजगार ही रोजगार है। सरकार का प्रयास है कि यूपी के नौजवानों को रोजगार के लिए कहीं दूसरी जगह हाथ फैलाने की नौबत न आए।

# जीएसटी में बदलाव मध्यमवर्गीय परिवारों को दिवाली का उपहार : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी, सोहणा (हरियाणा)।**



केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रॉनिक्स, रेल एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में हुए बदलावों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मध्यमवर्गीय परिवारों को त्योहार के पहले दिया गया तोहफा बताया और कहा कि इससे देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों में खुशी की लहर आयी है।


वैष्णव ने राष्ट्रीय राजधानी से लगे हरियाणा के सोहणा में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में यह टिप्पणी की और बुधवार को जीएसटी में महत्वपूर्ण बदलावों का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है जो हमारे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक बहुत बड़ी खुशी की खबर है। प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि दिवाली से पहले पहले सभी मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ा एक गिफ्ट मिलेगा बहुत बड़ा उपहार मिलेगा और कल वित्त मंत्री ने जीएसटी में जो एक महत्वपूर्ण बदलाव है वो घोषित किया है जो कि नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। उन्होंने कहा कि हमारे मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में काम में आने वाली प्रायः हर चीज चाहे खाने से संबंधित हो, चाहे पहनने से संबंधित हो, चाहे बच्चों की पढ़ाई से संबंधित हो, चाहे घर में टीवी स्कूटर से संबंधित हो, चाहे घर में वाशिंग मशीन से संबंधित हो हर चीज पर जीएसटी की दरें एक बड़ी मात्रा में कम की गई है जिससे कि हमारे जन जन के जीवन में हमारे मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में हमारे गरीब परिवारों के जीवन में एक बड़ी खुशी की लहर है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने सुनियोजित तरीके से और एक एक वस्तु का निर्णय लिया गया और इस निर्णय से सभी परिवारों में खुशी का माहौल है। आने वाले समय में आप देखेंगे नवरात्रि के पहले दिन से जब जीएसटी की नई दरें लागू होगीं तब हमारे देश में बहुत बड़ी करोड़ों देशवासियों के जीवन में एक खुशी की लहर आएगी।

# पीएमएलए मामले में शिखर धवन ईडी के समक्ष हुये पेश



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप वनएक्सबेट से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के एक मामले में आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुये।

वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम धवन से पूछताछ कर रही है और इस मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। जांच एजेंसी को संदेह है कि धवन के कुछ विज्ञापनों और प्रचारों के ज़रिए इस ऐप से संबंध थे। इससे पहले ईडी ने इस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना से पूछताछ की थी। सट्टेबाजी ऐप ने पिछले साल दिसंबर में रैना को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था। ईडी ने हाल ही में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स की अपनी जांच तेज कर दी है। एजेंसी वनएक्सबेट, फेयरप्ले, परिमैच और लोट्स 365 जैसे प्रतिबंधित सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म्स के लिए फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा बनाए जा रहे विज्ञापनों पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। रैना से पहले, ईडी पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और युवराज सिंह जैसे खिलाड़ियों से पूछताछ कर चुकी है।



# हर पात्र को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : योगी

- जरूरतमंदों के इलाज में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा, सरकार करेगी भरपूर सहायता



**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जरूरतमंदों के इलाज से लेकर आवास तक की व्यवस्था के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। पर, किन्हीं कारणों से यदि कोई व्यक्ति इन योजनाओं के दायरे में अभी नहीं आ पाया हो तो उसे भी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रभावी कार्यवाही की जाए।

सीएम योगी ने ये निर्देश गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिए। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने उसके आवास निर्माण के दौरान कुछ लोगों द्वारा लिंटर डालने में बाधा उत्पन्न करने की समस्या बताई।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की मदद की जाए और यदि कोई विधि विरुद्ध बाधा डाल रहा हो तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसी तरह जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो।

### पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा

सीएम याेगी ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। सरकार ने गत एक वर्ष में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 1100 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता राहत कोष से उपलब्ध कराई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# मनरेगा श्रमिकों का समय से भुगतान कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : उप मुख्यमंत्री

- मनरेगा श्रमिकों के भुगतान के लिए जारी हुई 1244 करोड़ से अधिक की धनराशि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे ,इसे सुनिश्चित किया जा रहा है।

मनरेगा श्रमिकों का समय से भुगतान कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान के लिए उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा दूसरी किस्त की धनराशि अवमुक्त की गई है। 1244,45,89,000 रुपये अवमुक्त किये गये हैं। इस राशि के मिलने से बकाया राशि का भुगतान अब आसान हो जायेगा। सरकार ने मनरेगा के श्रमांश मद की धनराशि जारी की है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि श्रमिकों की बकाया राशि तत्काल उनके खाते में भेजी जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। मनरेगा श्रमिकों के लिए जारी धनराशि के लिए केंद्र सरकार का श्रमिकों की ओर से आभार जताया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य में मनरेगा अंतर्गत 11,980.80 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। सामग्री मद में 3,333.05 करोड़ तथा प्रशासनिक मद में 693.39 करोड़ रुपये व्यय किया। अकुशल मजदूरी मद में 7,954.36 करोड़ रुपये खर्च हुए।

## खबरें एक नजर में

### परिवहन मंत्री बने जल परिवहन बोर्ड के अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जल परिवहन बोर्ड का अध्यक्ष परिवहन मंत्री को बनाया गया है। जल्द ही उपाध्यक्ष की नियुक्ति भी होगी। इसके बाद बोर्ड बैठक होगी जिसमें आगे की रणनीति व कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी। उत्तर प्रदेश में जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार पूरा फोकस कर रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को योगी आदित्यनाथ सरकार ने जल परिवहन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। उपाध्यक्ष पद के लिए जल्द ही विज्ञापन निकाला जाएगा। जल परिवहन के क्षेत्र में अनुभव रखने वालों को वरीयता दी जाएगी। देश के विभिन्न राज्यों ने जल परिवहन की दिशा में काफी तेजी से काम किया है। इसका फायदा उन राज्यों को खूब मिल रहा है। सड़क या रेल मार्ग की तुलना में जल मार्ग से परिवहन काफी सस्ता होता है, ऐसे में मार्केट पर इसका असर पड़ता है। योगी आदित्यनाथ सरकार भी जल परिवहन की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है, लंबे समय से बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर देरी हो रही थी। जिसे खत्म कर दिया गया है। इससे पहले परिवहन आयुक्त को जल परिवहन बोर्ड का सीईओ और एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर प्रशासन को सचिव नियुक्त किया जा चुका है।जल परिवहन बोर्ड में कई विभागों के प्रमुख सचिवों को सदस्य बनाया गया है। इसमें प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव परिवहन, प्रमुख सचिव जल शक्ति, प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्राधिकरण के प्रमुख सचिव शामिल हैं। यह अधिकारी मिलकर बोर्ड का एजेंडा तय करेंगे।

### डीएम ने अवध बस अड्डे का किया निरीक्षण

- पीईटी परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों के लिए बसों की व्यवस्था के दिए आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी-2025) को पारदर्शी और सुचारू तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी और संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने गुरुवार को कमता स्थित अवध बस अड्डे का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर पब्लिक टॉयलेट, मोबाइल शौचालय और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क स्थापित होंगे, जहां परीक्षार्थियों को ट्रेन-बस टाइमिंग, परीक्षा केंद्र लोकेशन और आसपास के रैनबसेरों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर निगम को आदेश दिया कि रैनबसेरों की सूची हेल्पडेस्क पर उपलब्ध कराई जाए और वहां सभी सुविधाएं सुनिश्चित हों। उन्होंने स्टाफरेस्ट रूम और वेटिंग रूम को परीक्षार्थियों के ठहराव के लिए व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। आरएम रोडवेज को आदेश दिया गया कि परीक्षार्थियों की वापसी के दौरान रूटवार अतिरिक्त बसें चलाई जाएं और पीए सिस्टम से लगातार घोषणा की जाए। साथ ही सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बस अड्डों पर मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

### नगर निगम के सदन में पार्षदों का हंगामा, पार्षद जमीन पर बैठे, बोले- एलएसए को हटाओ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम में गुरुवार को सदन की बैठक हो रही है। बैठक की शुरुआत तनातनी से हुई। मेयर ने सदन शुरू करने के लिए कहा, जिस पर पार्षद पिछले निर्णयों की पुष्टि पर अड़ गए। पत्रकारों ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो मेयर ने मना किया। इस पर पार्षदों ने हंगामा कर दिया। इससे मेयर गुस्सा होकर सदन से उठकर चली गईं। 20 मिनट बाद दोबारा सदन शुरू हुआ तो शहर में सफाई का मुद्दा बना। पार्षदों ने कहा शिवरी प्लांट को साफ किया जा रहा और शहर की गलियां गंदी हैं। वहीं, बीजेपी के कई पार्षद कार्यदायी कंपनी से हिसाब मांगने पर अड़ गए हैं। उनका कहना है कि इस कंपनी को हटा दिया जाए। बीजेपी पार्षद भी जमीन पर बैठ गए। सपा पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि ने वाटर एटीएम का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके कारण बिजली का बिल बकाया है। उनके कर्मचारियों को पेमेंट नहीं हो रही है। जहां पर खुला था वहां पर अराजकता की स्थिति है। पार्षद दीपक ने बताया कि जगह जगह अवैध डेयरियां बनी हुई हैं। इसपर मेयर ने पशु कल्याण अधिकारी अभिनव वर्मा से पूछा कि जब आप लोग डेयरियों के खिलाफकार्रवाई करने जाते हैं तो आपसे पहले वहां पर सूचना कैसे पहुंच जाती है। इस बीच पार्षद अमित चौधरी ने कहा कि पशु कल्याण विभाग के स्टाफद्वारा इसकी सूचना पहले पहुंचती है। उन्होंने कहा कि अभिनव वर्मा के पास पावर ही नहीं है। पार्षद सरिता मिश्रा ने कहा कि मेरे वार्ड में गीता पल्ली उद्यान है। इसमें अतिक्रमण की समस्या है। इसे देखने की जरूरत है। इसका रखरखाव करने की जरूरत है।

### अपर खाद्य आयुक्त राममूर्ति का निधन, दुखी मंत्री सतीश शर्मा पहुंचे सफदरजंग अस्पताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा आज खाद्य रसद विभाग में अपर खाद्य आयुक्त विपणन राममूर्ति पांडेय के असामयिक निधन पर सफदरजंग अस्पताल दिल्ली पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दु:खद घड़ी में मेरी गहन सवेंद्नाएँ शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवगंत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें व परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आन्दोलन करेगी एबीवीपी : अंकित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम स्वरूप मैमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी में व्याप्त शैक्षणिक अनियमितताओं एवं आन्दोलनरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं एवं छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है। इसको लेकर अभाविप के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी जिलों में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार के बाद गुरुवार को भी राजधानी लखनऊ में दोपहर दो बजे जीपीओ हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर अभाविप के छात्र विरोध प्रदर्शन करेंगे।

विरोध प्रदर्शन से पूर्व अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने लखनऊ के नवीन मार्केट स्थित परिषद के प्रान्तीय कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के





पीछे कौन है, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। किसके कहने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज हुआ।

पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन तंत्र के पीछे कौन है। अगर 48 घंटे में कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो एबीवीपी बड़ा आन्दोलन करेगी। उन्होंने कहा कि जब तक विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता अभाविप अपना संघर्ष जारी रखेगी।

अभाविप का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन बीसीआई संबद्धता को लेकर स्पष्ट जानकारी न देकर छात्रों को गुमराह कर रहा था तथा अवैध रूप से पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा था। इसी आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में दो दर्जन से अधिक छात्र कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हुए थे। केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में अभी भी 10 छात्रों का इलाज चल रहा है।

### शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं मुख्यमंत्री

बीते दिनों बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से माफियाओं को मिट्टी में मिलाया है, उसी तरह से अब समय आ गया है कि शिक्षा माफियाओं को मिट्टी में मिलाएं। घटना में निष्पक्ष न्याय के लिए अभाविप ने 48 घण्टे का समय देते हुए कहा है कि अगर दोषियों को जेल नही भेजा गया तो प्रदेश भर में छात्र आंदोलन करेंगे।

# कॉलेजों में मनमानी फीस बढ़े तो राजभवन में शिकायत करें : राज्यपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह मनाया गया। इसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पहुंचीं। उन्होंने कहा कि किसी भी यूनिवर्सिटी के लिए पहला दान किसान करता है। उसकी जमीन ली जाती है। किसानों की मदद नौकरी देकर की जाए। कॉलेजों की हर साल 5 लाख तक फीस बढ़ा देना गलत है। अगर ऐसा कहीं होता है तो राजभवन आकर शिकायत करिए।

समारोह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में कुल 74 मेधावियों को मेडल दिए गए। वंदे मातरम् के गायन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। कुलपति संजीव मिश्रा ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों साल 2020 में



इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया गया था। सीबीएमआर के साथ एमओयू किया गया है। इसी सत्र से पीएचडी पाठ्यक्रम का आगाज हुआ है। डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई जा रही है। एआई में भी विश्वविद्यालय काम कर रहा है। 8526 स्टूडेंट्स की उपाधि डीजी लॉकर पर अपलोड कर दी गई है। यहां राज्यपाल ने उन्हें उपाधि। राज्यपाल कॉलेजों की बढ़ती फीस पर खफा हैं, बोलीं खुद से फीस बढ़ाने वालों के खिलाफ शिकायत करने के लिए राजभवन के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

# भाजपा किसी की सगी नहीं : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोगी दल सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के आवास पर बीती रात्रि हुए प्रदर्शन को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी की सगी नहीं है।

उन्होंने कहा कि कल तक भाजपाइयों की अपनी ही 'परिषद' बनाम अपनी ही 'वाहिनी' हो रहा था। अब अपने तथाकथित राजनीतिक सहयोगी के खिलाफ़, उनके आवासों तक पर प्रदर्शन करवा रही है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाइयों की 'दरारवादी सोच' अब अपने गुट में भी दरार डाल चुकी है। भाजपा के सहयोगी बने धन-लोलुप लोगों को अब ये समझ आ गया है कि 'इस्तेमाली' पार्टी उनकी 'माली हालत' तो सुधार सकती है मतलब उनके ख़ज़ाने में 'माल' तो दे सकती है परंतु 'मान' कभी नहीं देगी। क्योंकि भाजपा की साज़िशन चाल ही यही है कि 'पहले इस्तेमाल करो, फिर बर्बाद करो'।

अखिलेश ने कहा कि बड़े-बड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सामान्य पुलिसकर्मियों को आगे करके भाजपा की अंदरूनी लड़ाई से बचना चाहते हैं। बड़े वर्चस्ववादी पुलिस अधिकारी एसी में बैठकर, बड़े भाजपाइयों के सामने अपना तो 'यस सर-यस सर'



- एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज पर अखिलेश यादव ने कसा तंज
- भाजपा ने अपने तथाकथित राजनीतिक सहयोगियों की जो दुर्गति की है, उससे वो अपने-अपने समाज में मुँह दिखाने लायक नहीं बचे है : अखिलेश यादव

कर रहे हैं। लेकिन सड़कों पर, भाजपा के आनुषंगिक संगी-सहयोगियों के अभद्र व्यवहार के बावजूद, अन्य कनिष्ठ पुलिसकर्मियों को 'भाई-भाई' कहकर हाथ जोड़ने को मजबूर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने तथाकथित राजनीतिक सहयोगियों की जो दुर्गति की है, उससे वो अपने-अपने समाज में मुँह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि अब जाएं तो जाएं कहाँ। भाजपा ने सियासी रूप से उनको बर्बाद कर दिया है। उनके हाथ-पैर ठंडे पड़ गये हैं और चेहरे 'पीले।

# अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें सरकारें : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को जबरदस्त कठिनाईयों व आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में बारिश और भूस्खलन से हुई तबाही को लेकर गुरुवार को कहा कि केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को एक ट्वीट कर यह बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भी ख़ासकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम आदि इन राज्यों में भारी बरसात व भूस्खलन से भारी नुक़सान हुआ है।

मायावती ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ से हो रही व्यापक जान-माल व पशुधन की तबाही तथा गुरुग्राम व नोएडा आदि जैसे शहरी इलाकों में भी भारी जल भराव आदि की समस्याओं से करोड़ों परिवारों को ज़बरदस्त



कठिनाईयों व आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे में मानवता-इन्सानियत के नाते लोगों का पीड़ितों की राहत सहायता के लिये बड़े पैमाने पर स्वतः आगे आने की ख़बरें और तस्वीरें काफी संतोष देने वाली अच्छी ख़बर है, किन्तु ऐसे बुरे हालात में केन्द्र व सम्बंधित राज्य सरकारों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि इसके साथ-साथ मानवतावादी आचरण भी अपनाते हुये सभी पीड़ित परिवारों को हर प्रकार की मदद के लिये तत्काल ज़रूर आगे आना चाहिये। उन्होंने कहा है कि सरकारों को आगे के लिए सभी जरूरी बुनियादी जन सुविधाओं पर लगातार समुचित ध्यान देना होगा, ताकि जन समस्यायें हर वर्ष प्रभावित व जटिल न हों तथा आम जनजीवन व ख़ासकर करोड़ों किसानों, ग़रीबों, मज़दूरों एवं अन्य मेहनतकश लोगों की रोज़ी-रोटी अत्याधिक प्रभावित न हो।

# टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से पुनर्विचार की अपील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- केंद्र सरकार से शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करने की मांग

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार के साथ ही भारत सरकार को शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित किए जाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है।

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने प्रधानमंत्री भारत सरकार को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय जिसमें कहा गया है कि 5 वर्ष की सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होने की छूट व इससे अधिक कार्यकाल के शिक्षकों को 2 वर्ष में टीईटी देना अनिवार्य किया गया है, के संबंध में सहानुभूति पूर्ण मानवीय हित में उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि 5 वर्ष और 5 वर्ष से अधिक सेवा शेष रहने वाले शिक्षकों के बीच अंतर करना उचित नहीं है। सभी शिक्षकों ने नियुक्ति के समय सभी निर्धारित अनिवार्य अहर्ताओं का पालन किया था। इस प्रकार 2011 के पूर्व शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य कर उनमें गंभीर दहशत, मानसिक परेशानी और गहरी दुखित भावना उत्पन्न हो गई है। उन्होंने लाखों शिक्षकों की तरफ से निम्न गंभीर परिस्थितियों से प्रधानमंत्री भारत सरकार को अवगत कराया है जैसे- बीएड बीपीएड सेवारत शिक्षक है वे टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु आवेदन नहीं कर सकते हैं। इंटरमीडिएट सेवारत शिक्षक टेट उत्तीर्ण करने हेतु आवेदन नहीं कर सकते हैं आदि।

### अब आठ सितंबर को समाधान दिवस का होगा आयोजन

**यूपीपीईटी की परीक्षा के चलते बदली डेट**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में इस महीने का संपूर्ण समाधान दिवस अब 6 सितंबर की बजाय 8 सितंबर को होगा। सरकार ने यह फैसला 6 और 7 सितंबर को होने वाली यूपीपीईटी (यूपीपीईटी) परीक्षा को देखते हुए लिया है। जहां-जहां 6 और 7 सितंबर को चार पाली में यूपीपीईटी परीक्षा होगी, उन 48 जिलों में समाधान दिवस को टालकर 8 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के बाकी 27 जिलों, जहां परीक्षा नहीं है, वहां शनिवार 6 सितंबर को ही संपूर्ण समाधान दिवस तय समय पर होगा।

**पौधरोपण महाभियान-2025** | शिक्षकों के सम्मान में वन प्रभाग लगाएंगे 'एक पेड़ गुरु के नाम'

# आज गुरु के सम्मान में रोपे जाएंगे पौध

- लखनऊ के कुकरैल, वाराणसी के आईआईटी (बीएचयू) में लगाए जाएंगे पौधे
- योगी सरकार ने रचा इतिहास, 2025 में बनाया सर्वाधिक पौधरोपण का कीर्तिमान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने एक तरफ पौधरोपण महाभियान-2025 के अंतर्गत एक दिन में 36.21 करोड़ से अधिक पौध रोप कर नया रिकॉर्ड बनाया तो दूसरी तरफ इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना की गई। विशिष्ट वनों का आगाज एकलव्य वन के साथ प्रारंभ हुआ तो एक पेड़ गुरु के नाम के तहत विशिष्ट आयोजन भी होगा। गुरु के सम्मान में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर सभी वन प्रभागों में यह आयोजन किया जाएगा। राजधानी लखनऊ में कुकरैल में वन विभाग के सेवानिवृत्त व वर्तमान अधिकारी पौधरोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रच दिया। %एक पेड़ मां के नाम 2.0% थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2025 में पूरे प्रदेश में एक दिन (9 जुलाई, बुधवार) में 37,21,40,925 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 37 करोड़ से 21,40,925 अधिक रहा। सीएम योगी ने अयोध्या से अभियान का आगाज किया था। उन्होंने 9 जुलाई को ही आजमगढ़ और गोरखपुर में भी पौधरोपण किया था।

लखनऊ के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि विशिष्ट वनों की श्रृंखला में शिक्षक दिवस पर लखनऊ के कुकरैल में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। यहां स्मृति वाटिका में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त व वर्तमान अधिकारी पौधरोपण करेंगे। यहां अधिकारियों को स्मृति चिह्न के रूप में पौधे भी भेंट किए जाएंगे। वहीं वाराणसी की प्रभागीय वनाधिकारी स्वाति श्रीवास्तव ने बताया कि आईआईटी (बीएचयू) में एक पेड़ गुरु के नाम के तहत पौधरोपण होगा।

### पौधरोपण महाभियान-2025 में लगाए गए विशिष्ट वन

पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि गुरु के सम्मान में 5 सितंबर को प्रदेश के सभी वन प्रभागों में एक पेड़ गुरु के नाम लगाया जाएगा। इसे लेकर सभी वन प्रभागों में तैयारी पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी अनेक विशिष्ट वन स्थापित किए गए।

# ब्रिस्कपे ने फिएओ के साथ किया समझौता

**लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**

- भारतीय निर्यातकों और ख़ास तौर पर एमएसएमई को सरल, अनुपालक, एवं किफ़ायती डिज़िटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराना है साझेदारी का उद्देश्य





भारत के निर्यात तंत्र को मज़बूत बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, प्रोसस-समर्थित सीमा-पार भुगतान मंच, ब्रिस्कपे ने भारतीय निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष निकाय, फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइज़ेशन (फ़िएओ) के साथ एक समझौता-पत्र पर आज हस्ताक्षर किया।

इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय निर्यातकों और ख़ास तौर पर एमएसएमई को सरल, अनुपालक, एवं किफ़ायती डिज़िटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे वो वैश्विक बाज़ार में अधिक कुशलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा कर सकें। भारत के एमएसएमई द्वारा किए जाने वाले निर्यात में असाधारण वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2020-21 के 3.95 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 12.39 लाख करोड़ तक पहुँच गया है। इस अवधि में निर्यात करने वाले एमएसएमई की संख्या भी तीन गुना से अधिक बढ़ गई है, जो भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में उनकी प्रमुख भूमिका को दर्शाता है। तब भी, सीमा-पार भुगतान की समयबद्ध एवं किफ़ायती उपलब्धता उनके के लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक बना हुआ है। इस समझौते से यह चुनौती हल हो जाएगी। इस साझेदारी के होने से, एमएसएमई को न केवल ब्रिस्कपे की उत्कृष्ट तकनीक का लाभ मिलेगा बल्कि फ़िएओ समर्थित व्यापार पहलों, प्रदर्शनियों, एवं वैश्विक क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों में शामिल होने का भी मौका मिलेगा और इससे उनकी वैश्विक मौजूदगी बढ़ेगी। इस समझौता-पत्र पर महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. अजय सहाय, ब्रिस्कपे के सह-संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी इंदुनाथ चौधरी और फ़िएओ तथा ब्रिस्कपे के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया।

## मदद का संकल्प

उत्तर से दक्षिण भारत तक जब भी कोई आपदा या संकट देश पर आया है, पंजाबियों ने आगे बढ़-चढ़कर पीड़ितों की मदद की है। पंजाब की धरा से गुरुओं व पीर-पैगम्बरों ने मानवता के उत्थान व मिल-जुलकर खाने की सीख दी है। गुरुओं का यह संदेश देश-दुनिया में प्रेरणा का प्रतीक बना हुआ है। ऐसे वक्त में जब पंजाब बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है तो शेष देश के लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आने की जरूरत है। उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब के लोग हमेशा बेहद स्वाभिमानी रहे हैं। इस सीमावर्ती राज्य ने गाहे-बगाहे विभिन्न चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। मध्यकाल में विदेशी आक्रांता रहे हों या आजादी के बाद पाकिस्तान के आक्रमण, पंजाबियों ने भारत की सुरक्षा ढाल बनकर जीवटता का परिचय दिया है। यहां जरूरी है कि किसी मदद से पहले पंजाबियों के स्वाभिमान का विशेष ख्याल रखा जाए। यूं तो इस आपदा की घड़ी में सेना के अलावा पंजाब के विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठन अपने स्तर पर लोगों को संकट से उबारने के काम में प्राणपण से लगे भी हुए हैं। लेकिन आपदा का बड़ा स्तर देखते हुए शेष देश से योगदान की उम्मीद की जा रही है। निस्संदेह, आपदा का दायरा बड़ा है, जिसमें राज्य के 23 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक लोग जलप्लावन का त्रास झेल रहे हैं। बड़े पैमाने पर कृषि भूमि जलमग्न हुई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संकट की इस घड़ी ने लोगों को स्वतरूस्फूर्त रूप में एकजुट किया है। पंजाबियों का जज्बा देखिए कि सरकारी मदद पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने उफनते पानी में नावें उतार दीं। उन्होंने न केवल पड़ोसियों, बच्चों-बूढ़ों को बचाया, बल्कि पशुओं को बचाने के लिये भी भरसक प्रयास किए। सारी दुनिया में मानवता का पर्याय बने लंगर लगाए गए। जगह-जगह अस्थायी आश्रय स्थल बनाए गए। बिना किसी संकोच के राशन बांटा गया। निस्संदेह, पंजाबियों की यह भावना कोई पहली बार नहीं देखी गई। अपने देश में ही नहीं, विदेशों में भी मदद के तमाम प्रेरणादायक उदाहरण हमारे सामने हैं। अब चाहे तुर्की का भूकंप हो या केरल में प्राकृतिक आपदा का तांडव, पहले प्रतिक्रिया देने वालों के रूप में पंजाबियों की विशिष्ट पहचान रही है। खालसा एड, यूनाइटेड सिख्स, हेमकुंट फाउंडेशन और अनगिनत स्थानीय गुरुद्वारों से जुड़े संगठनों ने मुश्किल वक्त में तेजी से काम किया है। जरूरतमंद लोगों तक भोजन,पानी,दवा और चारा पहुंचाया है। गुरुदासपुर और कपूरथला में स्वयंसेवकों ने कमर तक गहरे पानी में जाकर संकटग्रस्त लोगों को बाहर निकाला है। इतना ही नहीं, पशु चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में फंसे मवेशियों की देखभाल कर रहे हैं। वित्तीय मदद भी मिल रही है, जिसे राज्य व केंद्र सरकार द्वारा अविलंब बढ़ाए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही गैर सरकारी संगठन, परोपकारी लोग और यहां तक कि कलाकार भी लोगों की मदद व पुनर्वास का संकल्प ले रहे हैं। एक पंजाबी सेलिब्रिटी ने 200 घरों के लिये सहायता का वायदा किया है। जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे सांस्कृतिक हस्तियां तबाही की विभीषिका कम करने के लिये सामुदायिक समूहों के साथ आगे आ रही हैं। निस्संदेह, इस संकट की घड़ी में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, वायु सेना ने नावों, हेलीकॉप्टरों और राहत शिविरों के जरिये पीड़ितों को तात्कालिक राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। वे तसवीरें मानव सेवा के संकल्प को दर्शाती हैं, जिसमें ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों को जीवन रक्षक नौकाओं में तब्दील कर दिया है। प्रवासी समूहों द्वारा आर्थिक मदद भेजना भी एक सुखद पहल है। निस्संदेह, पंजाब में इस सेवा की संस्कृति और निस्वार्थ पहल की बार-बार परीक्षा भी हुई है। लेकिन जब आपदा का स्तर विकराल हो तो महज इस सद्भावना से ही संकट का निवारण संभव नहीं है। पंजाब में अब बाढ़ पीड़ितों को तेजी से मुआवजा देने, पारदर्शी ढंग से फसल की क्षति का मूल्यांकन तथा घरों के पुनर्निर्माण में तेजी लाने की जरूरत होगी। अगर सरकारी तंत्र और नागरिक समाज मिलकर अपनी ऊर्जा का उपयोग करे, तो न केवल पंजाब इस प्राकृतिक आपदा से जल्दी उबर पाएगा, बल्कि ये प्रयास एक प्रेरणादायक पहल के रूप में पूरे देश का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

# आम आदमी : मोदी सरकार और जीएसटी सुधार

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

कर सुधार किसी भी राष्ट्र की आर्थिक दिशा और विकास की गति तय करते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश में कर ढांचा हमेशा से बहस और सुधार का विषय रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद भी यह शिकायत लगातार बनी रही कि कर संरचना जटिल है और आम आदमी से लेकर छोटे कारोबारियों तक सबके लिए यह बोझिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रबंधन में अब यह तस्वीर बदल रही है। हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों से जीएसटी को सरल, पारदर्शी और आमजनहितकारी स्वरूप दिया गया है, जिसने करोड़ों भारतीयों को राहत की नई उम्मीद दी है।

**दो दरें, अधिक पारदर्शिता, सीधी राहतः-** मोदी सरकार ने चार स्लैब की जटिलता खत्म कर केवल दो दरों - 5% और 18% को लागू किया है। रोजमर्रा की वस्तुएं, स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा टैक्स से मुक्त कर दी गई हैं। वहीं तंबाकू और लग्जरी वस्तुओं पर 40% कर लगाया गया है। यह कदम बताता है कि सरकार की प्राथमिकता गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर बोझ घटाना है, जबकि अपव्ययकारी उपभोग और अस्वस्थ आदतों को हतोत्साहित करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में यह वादा किया था कि देशवासियों को दिवाली से पहले ÷नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स÷ का तोहफा मिलेगा। आज यह वादा हकीकत बन चुका है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे किसान, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और छोटे व्यवसाय सभी को लाभ होगा।

**आम आदमी को मिली सच्ची राहतः-** नए बदलाव का सबसे बड़ा असर आम परिवारों की जेब में महसूस होगा। अब दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, पराठा, छेना जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को भी टैक्स से मुक्त किया गया है। इससे लाखों परिवारों को स्वास्थ्य खर्च के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी।

बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने का असर व्यापक होगा। पहले स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर 18% जीएसटी लागू होता था, जिससे प्रीमियम महंगा हो जाता था। अब यह हट जाने से बीमा हर वर्ग की पहुंच में आएगा और स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी, चाहे वह टर्म लाइफ हो, यूलिप हो या एंडोमेंट पॉलिसी, और सभी व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। कहना होगा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी की उस दृष्टि को पुष्ट करता है, जिसमें हर भारतीय परिवार को आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा देने का संकल्प शामिल है।



**अब दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, पराठा, छेना जैसी आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को भी टैक्स से मुक्त किया गया है। इससे लाखों परिवारों को स्वास्थ्य खर्च के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी। बीमा सेवाओं को जीएसटी से मुक्त करने का असर व्यापक होगा। पहले स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर 18% जीएसटी लागू होता था, जिससे प्रीमियम महंगा हो जाता था। अब यह हट जाने से बीमा हर वर्ग की पहुंच में आएगा और स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा व्यापक होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसी, चाहे वह टर्म लाइफ हो, यूलिप हो या एंडोमेंट पॉलिसी, और सभी व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर अब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। कहना होगा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी की उस दृष्टि को पुष्ट करता है, जिसमें हर भारतीय परिवार को आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा देने का संकल्प शामिल है। जहां आम आदमी को राहत दी गई है, वहीं सरकार ने तंबाकू, पान मसाला, बड़ी कारें, यॉट और हैवी मोटरसाइकिलों पर 40% कर लगाकर स्पष्ट संदेश दिया है। यह केवल राजस्व संग्रह बढ़ाने का प्रयास नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी भी है कि विलासिता और अस्वास्थ्यकर उत्पादों पर कर बोझ बढ़ेगा। यह दृष्टिकोण मोदी सरकार की उस नीति को रेखांकित करता है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग की जरूरतें सर्वोपरि हैं। अमीर वर्ग को राहत देने की बजाय सामाजिक संतुलन और आर्थिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करना ही सरकार का मूल संदेश है।**

**लग्जरी और तंबाकू पर सख्ती से सामाजिक संदेशः-** जहां आम आदमी को राहत दी गई है, वहीं सरकार ने तंबाकू, पान मसाला, बड़ी कारें, यॉट और हैवी मोटरसाइकिलों पर 40% कर लगाकर स्पष्ट संदेश दिया है। यह केवल राजस्व संग्रह बढ़ाने का प्रयास नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी भी है कि विलासिता और अस्वास्थ्यकर उत्पादों पर कर बोझ बढ़ेगा। यह दृष्टिकोण मोदी सरकार की उस नीति को रेखांकित करता है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग की जरूरतें सर्वोपरि हैं। अमीर वर्ग को राहत देने की बजाय सामाजिक संतुलन और आर्थिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करना ही सरकार का मूल संदेश है।

**छोटे कारोबारियों को बड़ी मजबूतीः-** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ छोटे और मझोले व्यवसाय (एमएसएमई) हैं। पहले जटिल जीएसटी ढांचे के कारण इन्हें अनुपालन में कठिनाई होती थी। अब केवल दो स्लैब होने से टैक्स प्रणाली सरल होगी, व्यापारियों का विश्वास बढ़ेगा और कारोबार करना आसान होगा। इससे "Ease of Doing Business" को बल मिलेगा, छोटे व्यापारियों की लागत घटेगी और नए रोजगार सृजित होंगे। प्रधानमंत्री मोदी का "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" का आह्वान इन्हीं सुधारों से वास्तविक ताकत प्राप्त करता है।

**वैश्विक दबावों के बीच आत्मनिर्भरता की राहः-** आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था संरक्षणवाद और टैरिफ युद्धों से प्रभावित है। ऐसे समय में भारत ने घरेलू खपत को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई है। फिच सॉल्यूशंस की बीएमआई रिपोर्ट के अनुसार, इन सुधारों से खपत में लगभग 5.31 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी, जो जीडीपी का 1.6% है। यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम है। आंतरिक मांग पर आधारित विकास रणनीति से बाहरी झटकों का असर सीमित होगा और भारत विश्व अर्थव्यवस्था में स्थिर और मजबूत भागीदार बनेगा।

**भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशाः-** भारत ने 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद कर प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। नए जीएसटी सुधार विदेशी निवेशकों के लिए भारत को और आकर्षक बनाएंगे। दूसरी ओर घरेलू खपत बढ़ने से जीडीपी में तेजी आएगी। उम्?मीद करें कि केंद्र-राज्यों के बीच सहमति से लागू यह सुधार संघीय ढांचे की मजबूती का प्रमाण बनेंगे।

**वित्त मंत्री सीतारमण की घोषणाएं : स्वास्थ्य सुरक्षा में नया अध्याय :-** 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने 12% और 18% वाले स्लैब खत्म कर दिए। कई दवाओं और मेडिकल उपकरणों पर जीएसटी घटाकर 5% कर दिया गया। 33 जीवन रक्षक दवाओं को पूरी तरह जीएसटी मुक्त कर दिया गया, जिनमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोगी दवाएं शामिल हैं। मेडिकल ऑक्सीजन, थर्मामीटर, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और चश्मों पर भी टैक्स घटाकर 5% कर दिया गया। यह निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र को किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

सीतारमण ने यह भी कहा कि इंश्योरेंस और हेल्थकेयर से जुड़े सुधार आम आदमी की जेब में सीधी राहत देंगे और बीमा कवरेज का दायरा व्यापक बनाएंगे। यह कदम "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" की भावना को दर्शाता है।

कुल मिलाकर यहां यही कहना होगा कि जीएसटी सुधार केवल तकनीकी बदलाव नहीं है। यह भारत की नई आर्थिक सोच का प्रतीक है, जिसमें विकास और सामाजिक न्याय दोनों समानांतर चलते हैं। मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नीतियां गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे कारोबारियों के लिए हैं, न कि केवल अमीरों और बड़े उद्योगपतियों के लिए। प्रधानमंत्री मोदी का यह विश्वास कि ÷विकास और सामाजिक न्याय साथ-साथ चल सकते हैं÷ अब ठोस रूप में सामने है।

विचार

# हरित क्रांति के जरिये खाद्य सुरक्षा के सूत्रधार

*डॉ. अजीत रानाडे*

भारतीय हरित क्रांति के जनक डॉ. मंकोम्बु शांबसिवन स्वामीनाथन का जन्मशताब्दी वर्ष 2025 राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण है और भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली आनुवंशिकी वैज्ञानिक की शाश्वत विरासत का उत्सव भी। डॉ.एम. एस. स्वामीनाथन ने भारत को भुखमरी के कगार से उबारकर अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया तथा स्थायी खाद्य सुरक्षा की मजबूत नींव रखी। आज की युवा पीढ़ी प्रो. स्वामीनाथन के आदर्शों, दृष्टि और विरासत से अपार प्रेरणा ले सकती है, जिससे यह जन्मशताब्दी केवल स्मरण का दिन न रहकर विज्ञान, कृषि, स्थिरता और सामाजिक समानता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता से सीखने का एक अवसर बन जाती है।

बता दें कि डॉ. स्वामीनाथन भारत रत्न से भी नवाजे गये थे वहीं वे सांसद भी रहे। डॉ. स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के कुम्भकोणम में हुआ था। साल 1943 के बंगाल में अकाल पड़ा जिसमें करीब 30 लाख लोगों की मौत हुई। इस त्रासदी ने बालक स्वामीनाथन को झकझोर दिया। उन्होंने निश्चय किया कि विज्ञान के माध्यम से भुखमरी की समस्या का समाधान ढूंढना है। उन्होंने जूलॉजी से कृषि-विज्ञान की ओर रुख किया और अपना जीवन राष्ट्र में खाद्य-सुरक्षा की खोज को समर्पित कर दिया। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली से साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर के बाद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा दी, जिसमें उनका चयन आईपीएस के लिए हुआ। लेकिन उन्होंने आईपीएस छोड़कर नीदरलैंड्स में यूनेस्को की आनुवंशिकी छात्रवृत्ति स्वीकार की। नीदरलैंड्स से आठ माह बाद स्वामीनाथन इंग्लैंड चले गए और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के प्लांट ब्रीडिंग संस्थान से पीएच.डी. प्राप्त की। इसके उपरांत अमेरिका के विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय में डेढ़ वर्ष पोस्ट-डॉक्टोरल शोध सहायक के रूप में कार्य किया। सन् 1954 में डॉ.स्वामीनाथन उस समय भारत लौटे जब देश गंभीर अनाज संकट और विदेशी आयातों पर भारी निर्भरता से जूझ रहा था। साल 1960 के शुरुआती दशक में उन्होंने महान अमेरिकी कृषिविद् डॉ.नॉर्मन बोरलॉग के साथ हाथ मिलाया, जिन्हें व्यापक रूप से 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है। डॉ. बोरलॉग और डॉ. स्वामीनाथन ने मिलकर उच्च उत्पादकता वाली और रोग-रोधी गेहूं की किस्मों पर अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त किया, जिसने भारतीय कृषि को नई दिशा प्रदान की। जहां डॉ.बोरलॉग की मैक्सिको में विकसित अर्ध-बौनी गेहूं की किस्मों ने पहले ही भुखमरी से पीड़ित अनेक देशों को बचाया था, वहीं डॉ. स्वामीनाथन ने इन किस्मों को भारतीय मिट्टी, जलवायु और खेती की पद्धतियों के अनुरूप ढालकर परिष्कृत किया। यह साझेदारी भारत की हरित क्रांति की चिंगारी भी बनी, जिसने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की। हरित क्रांति भारत के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। देश में खाली अनाज भंडार, कम उपज देने वाली फसलें और विदेशी सहायता पर अस्वस्थ निर्भरता थी। ऐसे समय में डॉ. स्वामीनाथन द्वारा प्रस्तुत नई उच्च उपज किस्म (एचवाईवी) के बीजों ने भारतीय किसानों को वर्षों बाद भरपूर फसल का अनुभव कराया। बंजर खेत अनाज के भंडारों में बदल गए। सबसे लोकप्रिय आईआर-8 धान और मैक्सिकन अर्ध बौनी गेहूं की किस्में थीं। हरित क्रांति ने रासायनिक खाद, सिंचाई तकनीकों और कृषि उपकरणों का भी परिचय कराया। एक दशक में ही भारत का गेहूं उत्पादन 1965 के 1 करोड़ टन से बढ़कर लगभग 2 करोड़ 30 लाख टन तक पहुंच गया। डॉ. स्वामीनाथन की कड़ी मेहनत और समर्पण ने आज के भारत की नींव रखी- भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल निर्यातक और दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है। भारत की हरित क्रांति के शिल्पकार डॉ.एम. एस. स्वामीनाथन ने न केवल देश को अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि पूरी दुनिया को सतत कृषि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा दिखाई। 1982 से 1988 तक वे फिलीपींस स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूटके महानिदेशक रहे। इसी दौरान उन्हें पहला वर्ल्ड फूड प्राइज (1987) मिला, जिसे उन्होंने एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में लगाया। आज यह संस्था उनकी पुत्री वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन के नेतृत्व में कार्यरत है। मैन्ग्रोव वनों की तटीय सुरक्षा में भूमिका को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। वहीं बतौर संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी परियोजना सह-अध्यक्ष भूख व गरीबी उन्मूलन तथा सतत कृषि पर वैश्विक रणनीतियां बनाईं। सतत विकास और सामंजस्यपूर्ण जीवन पद्धति के प्रबल समर्थक के रूप में, स्वामीनाथन ने बायोहैप्पीनेस की सुंदर अवधारणा प्रस्तुत की। उनके अनुसार वास्तविक खुशी तभी संभव है जब मानव और उसके चारों ओर का प्राकृतिक पर्यावरण दोनों साथ-साथ फलें-फूलें। स्वामीनाथन ने कहा था 'यदि कृषि गलत हो जाए, तो और कुछ भी सही नहीं हो सकता।' 28 सितम्बर 2023 को दुनिया ने डॉ. स्वामीनाथन को खो दिया। उनके द्वारा समर्थित आदर्श आज भी एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के माध्यम से आगे बढ़ रहे हैं।

## शिक्षक दिवस : एक दिन का सम्मान, सालभर की चुनौतियों का दर्द



*पवन सक्सेना*


हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े उत्साह से मनाया जाता है। मंच सजते हैं, भाषण होते हैं, बच्चों के हाथों में गुलदस्ते होते हैं। लेकिन असलियत यह है कि यह सम्मान अक्सर केवल एक दिन तक ही सीमित रह जाता है। शिक्षकों का संघर्ष हर दिन का है, खासकर कक्षा 12वीं तक के बच्चों में बढ़ती अनुशासनहीनता, सोशल मीडिया का असर और उग्र व्यवहार के बीच उनका काम आसान नहीं रहा। यह उम्र आत्मनिर्भरता का अहसास देती है, लेकिन इसी सोच के चलते कई बार बच्चे नियमों को चुनौती देने लगते हैं। शिक्षक को पहले अनुशासन कायम करना पड़ता है, फिर पढ़ाई शुरू होती है। यह काम तब और कठिन हो जाता है जब घर से समर्थन न मिले। कई अभिभावक बच्चों की गलतियों को भी नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे शिक्षक खुद को अकेला महसूस करने लगते हैं।

भारत की शिक्षा परंपरा हमेशा से गुरु और शिष्य के रिश्तों की गवाह रही है। चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य की गाथा इस बात का उदाहरण है कि एक शिक्षक कैसे अपने शिष्य को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और साम्राज्य निर्माण का दृष्टिकोण दे सकता है। साधारण पृष्ठभूमि से आए चंद्रगुप्त को चाणक्य ने अपने ज्ञान से महान सम्राट बना दिया। इसी तरह रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद का रिश्ता गुरु-शिष्य की आत्मीयता की मिसाल है। विवेकानंद की दिशा और व्यक्तित्व को गढ़ने में परमहंस का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भी अपनी किताबों और भाषणों में हमेशा अपने शिक्षकों को याद करते रहे। उन्होंने कहा था, "अगर मेरे शिक्षक न होते तो मैं कभी वैज्ञानिक न बन पाता।" ये कहानियां हमें बताती हैं कि शिक्षक सिर्फ किताबें पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि समाज और इतिहास को आकार देने वाले होते हैं।

भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की विनम्रता आज भी प्रेरणा है। जब उनके छात्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जताई, तो उन्होंने कहा, "यदि आप सच में मेरा सम्मान करना चाहते हैं, तो इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए।" उनके इस विचार ने शिक्षक दिवस को एक दिन का नहीं, बल्कि शिक्षक के महत्व को हर दिन याद करने का अवसर बना दिया। आज का शिक्षक सिर्फ ज्ञान नहीं देता, बल्कि एक काउंसलर, गाइड और बच्चों का मानसिक सहारा भी बनता है। सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया ने बच्चों की सोच को व्यापक जरूर बनाया है, लेकिन शिक्षक के लिए उन्हें सही दिशा देना पहले से ज्यादा कठिन हो गया है।

शिक्षक दिवस केवल एक दिन का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे साल का संकल्प होना चाहिए कि हम अपने गुरुओं को उनका सही दर्जा और समर्थन दें। कक्षा 12 तक के बच्चों को सही रास्ते पर लाना, उन्हें अनुशासन और संस्कार देना सिर्फ शिक्षक का नहीं, पूरे समाज का दायित्व है। चाणक्य, विवेकानंद और डॉ. कलाम जैसे उदाहरण हमें याद दिलाते हैं कि एक महान शिक्षक पीढ़ियों का भविष्य गढ़ता है। इसलिए इस शिक्षक दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि गुरु के संघर्ष को समझेंगे, उनका सम्मान हर दिन करेंगे और शिक्षा को फिर से संस्कार और आदर का केंद्र बनाएंगे।

गुरु सिर्फ़ ज्ञान के दाता नहीं, बल्कि समाज के निर्माता हैं। उनका संघर्ष रोज़ का है, तो उनका सम्मान भी रोज़ का होना चाहिए।



## राशिफल

**मेषः-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# समाज के प्रकाश स्तम्भ होते हैं शिक्षक

*रमेश सर्राफ धमोरा*


हमारे देश में शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। इसीलिए प्रतिवर्ष शिक्षक को सम्मान देने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में मनाया जाता है। हर देश में शिक्षक दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में 6 मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्टूबर और पाकिस्तान में 5 अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन भारत में शिक्षक दिवस को दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को मनाया जाता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है।

हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक ही उसे शिक्षित करता ही है और अच्छे-बुरे का ज्ञान कराता है। पहले के समय में छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है- गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः- "गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट"

कबीर दास जी कहते हैं कि शिक्षक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।



भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी।

डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। स्कूल, कालेजों में छात्र, छात्राओं के साथ शिक्षकों द्वारा नीच हरकते करने के चलते शिक्षण जैसा पवित्र कार्य बदनाम होता जा रहा है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीनता के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। गुरू-शिष्य को एक-दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पायेगा।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887

**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### टायर लादकर फैक्ट्री जा रहा ट्रक हाईटेंशन लाइन से टकराकर जला



**सुमेरपुर।** कस्बे की फैक्ट्री एरिया में गुरुवार को दोपहर में एक बड़ा हादसा होते बचा टायर लादकर आ रहा ट्रक हाईटेंशन लाइन से टकरा गया जिससे टायरों में आग लग गई। चालक और खलासी ने कूदकर जान बचाई। फायर दस्ते ने पहुंचकर आग बुझाई। दोपहर में एक ट्रक पुराने टायर लादकर फैक्ट्री एरिया में संचालित फैक्ट्री द वर्थ ऑफ़ वेस्ट में जा रहा था। फैक्ट्री एरिया में यह हाई टेंशन लाइन से टकरा गया। इससे टायरों में आग लग गई। चालक और खलासी ने कूदकर जान बचाई। लोगों ने घटना की सूचना फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह को दी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति ठप कराकर फायर दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। फायर दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कस्बे में किया रूटमार्च



**मौदहा।** शुक्रवार से सोमवार तक कस्बे में चलने वाले विभिन्न आयोजनों के चलते कोतवाली परिसर में दो बार दोनों समुदाय के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक होने के बाद गुरूवार शाम चित्रकूट धाम मण्डल पुलिस उपनिरीक्षक राजेश एस. ने कस्बे का दौरा किया और लोगों से बातचीत कर शांति और सौहाद्रपूर्ण तरीके से सभी त्यौहार मनाने की बात कही। गणेश विसर्जन, ईद मीलाद और कंशवध मेले में होने वाले विभिन्न आयोजनों को लेकर जनपद के सबसे संवेदनशील कस्बे मौदहा की कोतवाली में दो बार दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिकों की बैठक होने के बाद गुरुवार शाम पुलिस उपमाहानिरीक्षक राजेश एस. ने कस्बे का दौरा किया और कोतवाली में पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इतना ही नहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कस्बे में रूटमार्च कर विभिन्न आयोजन स्थलों का भी मुआएना किया और आयोजकों से बातचीत की। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने लोगों लोगों से आपसी भाईचारे के साथ सभी त्यौहार और आयोजन को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही साथ ही अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट नहीं करने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह सहित जनपद के कई थानों के साथ बाहरी जनपद की पुलिस मौजूद रही।

### तहसील में तीसरे दिन भी जारी रहा भाकियू का धरना प्रदर्शन



**राठ ।** तहसील में पिछले तीन दिनों से चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन को लेकर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने सुध तक नहीं ली। यहां तक कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी धरना प्रदर्शन स्थल पर नहीं पहुंचा। जिससे किसानों में भारी रोष रहा। गौरतलब है कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन युवा के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में तहसील परिसर में धरना चल रहा है। गुरुवार को तीसरे दिन भी किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुंच कर न तो किसानों का धरना समाप्त करने का प्रयास किया और न ही उनकी समस्याओं को सुना। युवा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह किसान का कहना था कि किसी भी अधिकारी ने ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। कहा कि अधिकारी फसल बीमा में पलीता लगा रहे हैं। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की तादाद में किसान मौजूद रहे।

### एडीएम ने एमआरएफ सेंटर, अस्थाई गौशाला व कंस मेला मैदान का किया औचक निरीक्षण




**मौदहा।** अपर जिला अधिकारी ने नगर के एमआरएफ अस्थाई गौशाला तथा कंस मेला मैदान का औचक निरीक्षण किया जिसमें अस्थाई गौशाला व एमआरएफ सेंटर में नगर पालिका के द्वारा कमियां मिलने पर सुधार करने के निर्देश जारी किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर जिला अधिकारी रिजवाना शाहिद ने गुरुवार की सुबह अचानक कस्बे के कूड़ा कलेक्शन सेंटर पहुंची वहां पर किए जा रहे कूड़ा छांटने कूड़े का सही निस्तारण तथा साफ सफाई देखते हुए मिली खामियों को जल्दी ही सुधार करने के निर्देश कर्मचारियों को दिया इसके उपरांत नगर के मीरा तालाब में कंस वध मेला के होने वाले आयोजन से संबंधित तैयारी का जायजा लेते हुए तालाब में पानी की व्यवस्था देखी तथा आसपास साफ सफाई आदि के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर के राठ तिराहा के पास चल रही अस्थाई गौशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभिलेखों का अवलोकन कर बेहतर से बेहतर गौवंश को सेवा दिए जाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी विजय कुमार शहीद डी.पी.एम., पंकज कुमार, जबीर चौधरी, गौशाला प्रभारी राजेंद्र कुमार व पंकज सिंह सहित कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

### अनुपम गुप्ता बने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी



**चिल्ला/बांदा।** राष्ट्रीय अपराध एवं भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो ने संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। संस्था के माननीय महानिदेशक श्री बेअंत सिंह ने पत्रकारिता और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभा रहे अनुपम गुप्ता को संगठन का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।अनुपम गुप्ता को यह जिम्मेदारी उनकी कर्मठता, निष्ठा और मीडिया क्षेत्र में लंबे अनुभव को देखते हुए सौंपी गई है। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की गतिविधियों, अभियानों और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर महानिदेशक श्री बेअंत सिंह ने कहा- अनुपम गुप्ता जैसे ऊर्जावान और ईमानदार व्यक्तित्व के जुड़ने से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। हमें विश्वास है कि उनकी सक्रिय भूमिका से मीडिया विंग और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगा। इस नियुक्ति की खबर से संगठन के पदाधिकारियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

### एबीवीपी ने फूंका कैबिनेट मंत्री राजभर का पुतला



**बाँदा।** देर रात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौराहे पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। एबीवीपी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लखनऊ स्थित श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से लगातार की जा रही अवैध वसूली, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ जब संगठन के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तब विश्वविद्यालय प्रशासन की मिलीभगत से पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। इसके बावजूद कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने न केवल इस कार्रवाई का समर्थन किया, बल्कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं को गुंडा कहकर अपमानित भी किया। इसी के विरोध में सह जिला संयोजक कार्तिकेय गुप्ता रामजी के नेतृत्व में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने देर रात पुतला दहन किया। इस दौरान कार्तिकेय गुप्ता रामजी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 75 वर्षों से राष्ट्रहित और छात्रहित के लिए संघर्षरत है और आगे भी यही भूमिका निभाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो परिषद कार्यकर्ता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय, दिव्यांशु मिश्रा, आयुष पांडेय, आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टैबलेट पा कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

**कमासिन/बांदा।** कस्बा कमासिन स्थित पं. केदारनाथ राजाराम महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण अंतर्गत छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक व लोकपाल मनरेगा प्रोफेसर डॉ. नंद लाल शुक्ल के कर कमलो से छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए साथ ही मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में शासन की इस योजना का उद्देश्य बताते हुए टैबलेट का सही उपयोग करने के लिए कहा। टैबलेट प्राप्त कर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे ।सभी छात्र छात्राओं ने एक स्वर में महाविद्यालय परिवार व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथि डॉ शुक्ल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अति व्यस्तता के बावजूद भी अपना अमूल्य समय दे कर छात्र छात्राओं के टैबलेट वितरण कार्यक्रम को सफ़ल बनाया जिससे महाविद्यालय परिवार डॉ शुक्ल का आभारी हैं। साथ ही टेबलेट पाने वाले छात्र छात्राओं को बधाई भी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यासागर शुक्ल, बीरेन्द्र पांडे, यदुराज यादव, गनेश शंकर सहित अभिभावक, पत्रकार व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसी भी गौशाला में जरूरी सुविधाओं का न रहे अभाव: डीएम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गुरुवार को जनपद में निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश के समुचित संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में आवश्यक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि कोई भी गौवंश सड़क पर या खुले में घूमते हुए नहीं मिलना चाहिए। शत प्रतिशत गौवंश को गौशालाओं में अनिवार्य रूप से संरक्षित किया जाए। उन्होंने नगर निकायों के सभी अधिशाषी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में सड़कों पर या खुले में घूमने वाले छुट्टा गौवंश को आश्रय स्थलों में संरक्षित करें।यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी गौशाला में आवश्यक सुविधाओं का अभाव न रहे। प्रत्येक गौशाला में शेड, चारा, भूसा, पानी, बिजली, लाइट आदि की पर्याप्त व्यवस्था रहे।कोई भी पशु भूख से या दवा के अभाव में हताहत नहीं होना चाहिए।पशुओं का मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत नियमित टीकाकरण करें।सभी 320 गौशालाओं में गौवंश के सापेक्ष होने वाले भुगतान के अनुरूप भौतिक रूप से भी गौवंश की उपलब्धता अनिवार्य होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, सीवीओ डॉ उपेंद्र सिंह, डीपीआरओ जितेंद्र मिश्र सहित समस्त अधिशाषी अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## नकली खाद बनाने व बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई: जिलाधिकारी

- किसानों की खाद की समस्या को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में सभी सहकारी समितियों व निजी खाद विक्रेताओं के साथ बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी रबी फसल 2025-26 में जनपद में उर्वरक निर्धारित दरों पर समय से उपलब्ध कराने तथा उर्वरक कंपनियों द्वारा उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग न करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सहकारी एवं निजी केंद्रों पर कुल खाद की उपलब्धता, वितरण एवं अवशेष खाद की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि थोक विक्रेताओं द्वारा एक ही उर्वरक विक्रेता को बार-बार उर्वरक की आपूर्ति न करके जनपद के समस्त विकासखंडों के उर्वरक विक्रेताओं को जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराई जाए। जिला कृषि अधिकारी डॉ.हरिशंकर ने बताया कि वर्तमान में जनपद के सभी सहकारी एवं निजी बिक्री केंद्रों पर 3293 मी. टन यूरिया, 1377 मी. टन डीएपी तथा 759 मी. टन एनपीकेएस उपलब्ध है। यूरिया एवं डीएपी खाद की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी सहकारी व निजी खाद केंद्रों के सचिवों, प्रभारियों एवं डीलर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी खाद केंद्रों पर खाद का रेट एवं स्टॉक प्रतिदिन प्रदर्शित करें। सभी किसानों से खतौनी अनिवार्य रूप से लेकर फसल की मांग व जोत के अनुसार खाद वितरित की जाए। अगर किसी वजह से केंद्र बंद है तो उसका कारण भी बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए। जिले में कहीं भी नकली खाद न बने और न ही बेची जाए, सत्यापन में यदि यह पाया गया तो संबंधित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में सीडीओ अरूण कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि डॉ.प्रमोद कुमार, जिला प्रबंधक पीसीएफ शरद यादव सहित समस्त बी-पैक्स सचिव एवं प्रभारी उर्वरक बिक्री केंद्र आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन की अजीब दहशत से गांवों में हो रहा रतजगा

- पुलिस ने बैठक बुलाकर किया जागरूक

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा सहित ब्लॉक क्षेत्र के ग्रामों में ड्रोन की अजीब दहशत पैदा होने से लोग रतजगा करने को मजबूर है। बुधवार की रात ब्लॉक की एक दर्जन से ज्यादा पंचायतों में ड्रोन की दहशत में लोगों को हलाकान रखा। कहीं कहीं ड्रोन के साथ बदमाशों की मौजूदगी की अफवाह भी फैली रही है। सूचना पर पुलिस भी रात भर दौड़ती रही। लेकिन किसी के हाथ कुछ नहीं लगा। गौरी में बदमाशों की गांव के बाहर मौजूदगी की सूचना पर ग्रामीणों ने हवाई फायरिंग की। बीती रात पत्योरा, बड़ागांव, भभौरा, गहतौली, जलाला, टेढ़ा, बदनपुर, गौरी, अतरैया,मौहर, धुंधपुर, कैथी, मिहुना, मुंडेरा, चंदपुरवा बुजुर्ग आदि गांव में ड्रोन की अजीब दहशत रही। ग्रामीणों का दावा है कि रात 8:00 बजे से 2:00 बजे तक ड्रोन जैसी अजीब डिवाइस गांव के ऊपर मंडराती रही है। इसमें कितनी सच्चाई है कुछ कहा नहीं जा रहा है। बताते हैं कि गौरी गांव में कुछ लोगों ने अफवाह फैला दी कि गांव के बाहर बदमाश मौजूद हैं। यह सूचना गांव में आग की तरह फैल गई और सैकड़ो की तादाद में हथियारों से लैश ग्रामीण एकजुट होकर गांव के बाहर आए और कई राउंड फायरिंग की। साथ ही पुलिस को सूचना दी। प्रधान प्रतिनिधि रंजीत यादव ने बताया कि गांव में बदमाश आने की अफवाह के बाद वह खुद गांव के बाहर तक ग्रामीणों के साथ गए थे। लेकिन कोई नहीं दिखा। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि ड्रोन एवं बदमाश होने की महज अफवाह है। ड्रोन जैसा कुछ नहीं है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और समझदारी से कार्य करें। इस संबंध में गुरुवार को शाम 5:00 बजे थाने में बैठक कर आयोजन करके लोगों को जागरूक कर अफवाहों से सचेत रहने को कहा गया।

# छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रोड़ शो कर किया प्रदर्शन

- एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर आईएएस संजय प्रसाद का फूंका पुतला

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बाराबंकी के एसआरएमयू में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राजकीय महिला महाविद्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक रोड़ शो किया। उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।इस दौरान उन्होंने भारी संख्या मौजूद पुलिस के बीच कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद का पुतला फूंककर मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा है।

अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री निषेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि बाराबंकी जिले के श्री रामस्वरूप विश्वविद्यालय में अवैध तरीके से चल रहे लॉ कोर्स के खिलाफ आवाज उठा रहे छात्रों पर यूनिवर्सिटी प्रशासन और बाहरी गुंडों की शह पर पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया। इस लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हो गए है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ताओं व विद्यार्थियों पर बर्बर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय व अमानवीय हैं। उन्होंने लाठीचार्ज घटना में पुलिसकर्मियों व बाहरी गुंडों सहित सभी दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्यवाही करने विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन की समग्रता से जांच कर पूरी प्रक्रिया में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को दंडित कर विश्वविद्यालय को बंद करने,अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने सहित चार सूत्री मांग की है।उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इस मौके पर जिला संयोजक आलोक श्रीवास, नगर मंत्री दानिश अहमद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र सिंह, विभाग सहसंयोजक पूर्णिमा, स्वतंत्र राजपूत, अभय सिंह सहित एबीवीपी कार्यकर्त्ता मौजूद रहें।

# पति की हत्या में पत्नी व प्रेमी को आजीवन कारावास

- कुरारा कस्बे में दो वर्ष पूर्व दिया गया था वारदात को अंजाम
- मृतक की बहन ने भाभी व ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज कराया था मुकदमा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

दो वर्ष पूर्व पत्नी ने प्रेमी ट्रैक्टर चालक के साथ मिलकर पति को मारने पीटने के बाद गला दबाकर हत्या करने के बाद शव रोड किनारे गड्ढे में फेंका था। गुरुवार को जनपद न्यायाधीश ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि बिवांर निवासी रानी पत्नी राजेंद्र प्रसाद ने कुरारा थाने में 10 सितंबर 2023 को तहरीर देकर बताया कि मेरा भाई कामता प्रसाद कबीर अपनी पत्नी अंजू व चार बच्चों के साथ बेरी रोड कुरारा वार्ड-9 में रहता है। मेरे भाई कामता ने चार माह पूर्व खेती करने के लिए ट्रैक्टर खरीदा था। जिसमें चालक वीरेंद्र पुत्र रघुवीर निवासी पारा शंकरपुर को रख लिया। इस दौरान भाभी अंजू तथा ट्रैक्टर चालक वीरेंद्र के बीच अवैध संबंध हो गए। 9 सितंबर की देर रात भाभी व ट्रैक्टर चालक ने भाई को पीटने के बाद हत्या कर दी। इसके बाद शव को ट्रैक्टर से ले जाकर बेरी रोड में गड्ढे में फेंक दिया। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई। पुलिस ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय ने मुकदमें की सुनवाई करते हुए मृतक की पत्नी अंजू व ट्रैक्टर चालक वीरेंद्र को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार जुर्माना लगाया है।

### मृतक का पुत्र हत्या का बना चश्मदीद गवाह

**हमीरपुर।** मृतक कामता के दस वर्षीय पुत्र आर्यन घटना के समय घर में मौजूद था। जिसने अदालत में गवाही देते हुए बताया कि 9 सितंबर की रात मम्मी अंजू व चाचा वीरेंद्र ने मिलकर उसके पापा को मारा था। मम्मी ने पापा के दोनों हाथ पकड़े और चाचा वीरेद्र ने छाती में बैठकर उसके पापा का गला दबाया था। उसके बाद चाचा व मम्मी पापा को उठाकर बाहर ले जाकर ट्रैक्टर की सीट में रखकर कहीं चले गए थे। लौटकर आने के बाद दोनों लोग घर में सो गए। यह घटना देखने के बाद वह बहुत डर गया था। जब सुबह उठा तो चाचा वीरेंद्र घर पर नहीं थे। इसके बाद उसने अपनी बुआ रानी देवी को पूरी घटना बताई। यह बात उसने पुलिस को भी बताई थी।

# गणेश मूर्ति विसर्जन व बारावफात त्यौहार को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक



**बबेरू/बांदा।** जनपद के बबेरू कोतवाली परिसर में आगामी गणेश मूर्ति विसर्जन एवं बारावफात त्यौहार को लेकर उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक संपन्न की गई। जिसमें बैठक में हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोग सैकड़ो की संख्या में पीस कमेटी की बैठक पर मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया है की बारावफात का त्यौहार जो रास्ते से निकलता था। उसी रास्ते से शांतिपूर्वक निकाला जाएगा कोई नया रास्ता नहीं बनेगा। और दोनों समुदाय के लोग शांति का माहौल एकता का प्रतीक मानते हुए सभी एक दूसरे को सम्मान करते हुए शांत पूर्वक अपना त्यौहार मनाए, अगर इस बीच कोई भी अराजकता फैलता है। और माहौल बिगड़ने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसकी निगरानी सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरे से की जाएगी। वहीं उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सभी को शांत पूर्वक त्यौहार व मूर्ति विसर्जन के लिए निर्देशित किया है। और मूर्ति विसर्जन के समय तालाब के पास छोटे-छोटे बच्चों को ले जाने के लिए मना किया है। इस मौके पर हिंदू व मुस्लिम समुदाय के लोग सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत उप निरीक्षक कलवे अब्बास खान सैफ अहमद महेंद्र कुमार मिश्रा, देवीदीन सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

## भगवान गणेश प्रतिमा पंडालों पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, नवें दिन भंडारा आयोजित





**ओरन/बांदा।** गणेश उत्सव के नौवें दिन आज गुरुवार तिलहर देवी मंदिर परिसर में गणेश उत्सव कमेटी द्वारा विशाल कन्या भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें कस्बे सहित क्षेत्र की हजारों कन्याओं ने प्रसाद चखा। कस्बे मे गणेश चतुर्दशी से विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमा विराजमान हैं। जिनमें तिलहर देवी मंदिर गेट के सामने विराजमान गणेश प्रतिमा व पंडाल अलौकिक है। पंडाल में गणेश भगवान के अलावा नन्दी में सवार शिव-पार्वती व हनुमानजी की प्रतिमा बहुत ही मनमोहक दृश्य बिखेर रही है। पंडाल की सजावट मध्यप्रदेश के सतना से बुलाये कारीगरों द्वारा कराई गई है। शाम होते ही गणपति पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आनी शुरू हो जाती है। आरती के समय घंटे घड़ियाल की धुन से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। विनय शिवहरे, कुलदीप शिवहरे, बिल्लू शिवहरे, उज्ज्वल शिवहरे, सनी शिवहरे, आशू शिवहरे, अश्वनी, आयुष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहते हैं।

# इंदिरानगर के दो पार्कों का होगा कायाकल्प

- डीएम ने दिया सुंदरीकरण का आदेश, बीडीए सचिव ने किया निरीक्षण, झूले से लेकर ओपन जिम तक मिलेंगी सुविधाएं

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जे. रीभा के निर्देशन में बांदा विकास प्राधिकरण, बांदा (बीडीए) सचिव मदन मोहन वर्मा ने इंदिरा नगर स्थित दो पार्कों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्कों की अर्ध-सीर्ण स्थिति देखकर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द करोड़ों की लागत से इनका कायाकल्प किया जाएगा। बीडीए सचिव ने आश्वासन दिया कि पार्कों को आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा, ताकि मोहल्लेवासियों, बच्चों और बुजुर्गों को बेहतरीन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने प्राधिकरण को निर्देश दिए कि सुंदरीकरण से संबंधित बजट की फाइल जल्द तैयार कर प्रस्तुत की जाए। दोनों पार्कों में मार्निंग वाक पाथवे, बच्चों के लिए झूले और स्लाइड, ओपन जिम और योगा जोन, बैठने के लिए आकर्षक बेंच, चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल, सोलर और एलईडी लाइटिंग, सुंदर सेल्फी प्वाइंट, पौधारोपण और हरियाली बढ़ाने की योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, कूड़ेदान और वाटर सप्लाई सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा व्यवस्था, डिजिटल नोटिस बोर्ड और वाई-फाई सुविधा, बच्चों के लिए सैंड पिट और खेल उपकरण। डीएम जे. रीभा ने स्पष्ट कहा कि इन पार्कों को इस तरह विकसित किया जाएगा कि लोग परिवार के साथ यहां आकर समय बिता सकें और बांदा शहर में हरियाली व मनोरंजन का नया केंद्र बन सके। इस मौके पर बीडीए सचिव मदन मोहन वर्मा के साथ सहायक अभियंता आर.पी. यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित गुप्ता बासू, इंदिरा नगर सभासद राममिलन तिवारी, एस.के. सिंह, आर.के. शुक्ला, इंद्रपाल पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### समय से पूरी की जाएं मौनी बाबा मेले की तैयारियां: डीएम

**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 15 से 17 दिसम्बर, 2025 पर आयोजित होने वाले मौनी बाबा मेले के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत टूरिस्ट कॉम्पलेक्स का कार्य कराये जाने तथा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं बीडीओ बबेरू को महोत्सव की सफाई एवं समतलीय करण आदि का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र की रोडों की मरम्मत तथा मौनी बाबा रोड का चौडीकरण एवं पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला ग्राउण्ड के बाउन्ड्रीवॉल के कार्य प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन व तार ठीक कराये जाने तथा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं मोटरेबल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था रखने के साथ निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के लिए नेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया। मेला मजिस्ट्रेट की ड्यूटी व अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाये जाने तथा पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया। उन्होंने यातायात की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मेडिकल टीम, एम्बुलेन्स, आवश्यक दवाओं सहित डाक्टरों की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर जिला वि/रा. कुमार धर्मेन्द्र, उप जिलाधिकारी बबेरू, परियोजना निदेशक डीआरडी, मेला कमेटी के सदस्यगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण, खण्ड विकास अधिकारी बबेरू उपस्थित रहे।

# बसों-ट्रेनों में सवारी बनकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- गिरोह के पांच अंतर्जनपदीय चोरों को चिल्ला पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चिल्ला पुलिस द्वारा बसों-ट्रेनों में सवारी बनकर चोरी करने गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस मुठभेड़ में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि जनपद चित्रकूट के थाना सरधुआ क्षेत्र के रहने वाले जितेन्द्र पुत्र विष्णुदत्त ने 20 अगस्त 25 को थाना चिल्ला पर सूचना दी कि बांदा से दोहतरा जाते समय बस में अज्ञात लोगों द्वारा उसके बैग से सोने आभूषण आदि चोरी कर लिए है । जिसके सम्बन्ध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में 3 सितंबर 25 की रात्रि को गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना चिल्ला पुलिस को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि सुहुरपुर मोड रोड पर बस से पांच व्यक्ति उतरे हैं जिनमें तीन पिट्ठू बैग लिए है, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस से खुदको घिरता देख उनमें से एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने कि नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बची । पुलिस द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए 5 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया तथा तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 24.760 ग्राम बटननुमा पीली धातु व 203.770 ग्राम गोल चपटीनुमा सफेद धातु सहित 1 अवैध तमंचा व 1 कारतूस व 1 खोखा कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया की 13 अगस्त 25 को बांदा से चिल्ला की ओर जाने वाली बस में चोरी की घटना को अंजाम दिया था । जिसके संबंध में थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत है । जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि हुआ कि गिरोह के सदस्य सामान्य सवारियों की तरह बसों और ट्रेनों में सफर करते थे। सफर के दौरान ये शातिर अपराधी महिला यात्रियों को चिन्हित कर उनके बैग व अन्य सामान पर नजर रखते थे। मौका पाते ही वे नगदी, जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लेते और अगले स्टॉप पर उतरकर फरार हो जाते थे । चोरी किए गए सामान को यह गिरोह आपस में बांट लेते थे । गिरफ्तार अभियुक्तों पर विभिन्न धाराओं मुकदमे पंजीकृत हैं। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास का संकलन किया जा रहा है तथा इसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवकुमार पुत्र मोहनलाल निवासी जैतापुर थाना औरइया जनपद औरइया, धर्मेंद्र कुमार जाटव पुत्र बिहारीलाल निवासी नगला बीरबल थाना बड़पुरा जनपद इटावा, अमर सिंह पुत्र दीपचन्द्र निवासी रनिया खजीरी थाना चकर नगर जनपद इटावा, मुन्ना वर्मा पुत्र दुर्जन वर्मा निवासी डबरा थाना कोतवाली देहात जनपद ग्वालियर व दीनदयाल कोरी पुत्र कोदे कोरी निवासी गोपालगंज थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी हैं।

# रामस्वरूप यूनिवर्सिटी की बढ़ी मुश्किलें, बुल्डोजर एक्शन की तैयारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज के बाद रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी की मुश्किलें बढ़ गई हैं यूनिवर्सिटी पर मुकदमा दर्ज कराया गया है वहीं 28 लाख का जुर्माना और बुलडोजर एक्शन की तैयारी हो रही है।

गौरतलब है कि सोमवार को रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में बिना मान्यता के विधि पाठ्यक्रम संचालित करने से आक्रोशित एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था, इस प्रदर्शन में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया जिससे दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता गम्भीर रूप से घायल हुए थे। इस प्रदर्शन में पुलिस लाठी चार्ज के बाद विवाद गहरा गया और अब विश्वविद्यालय के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार अयोध्या मंडल के आयुक्त की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि 2023-24 और 2024-25 में रामस्वरूप यूनिवर्सिटी ने बिना मान्यता के एलएलबी की कक्षाएं संचालित की और छात्रों का प्रवेश लेकर परीक्षाएं भी कराया। इस गंभीर लापरवाही को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ माना गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अपर सचिव डॉ दिनेश कुमार ने नगर कोतवाली में तहरीर दी, इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संगीता की धारा 318(4) 338 (2) 336 (3) और 340 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। लाठी चार्ज की घटना ने घटना से प्रदेश की राजनीति को गरम हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले की जांच के आदेश दिए थे वही स्थानीय ग्रामीण और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की शिकायत पर राजस्व प्रशासन ने जांच की। जांच में पाया गया है कि करीब 6 बीघे सरकारी जमीन जिसमें नाली चकमार्ग तालाब और बंजर भूमि शामिल है पर अवैध कब्जा किया है। तहसीलदार न्यायालय ने 25 अगस्त को आदेश जारी कर विश्वविद्यालय पर 27 लाख 96 हजार का जुर्माना लगाया और 30 दिन के अंदर कब्जा हटाने के निर्देश दिए आदेश का पालन न होने पर प्रशासन बुलडोजर चलाने की तैयारी में है।

### विश्वविद्यालय प्रबंधन का पक्ष

इस पूरे मामले पर विश्वविद्यालय की रजिस्टर डॉक्टर नीरजा जिंदल ने कहा कि उन्हें किसी भी आदेश या नोटिस की जानकारी नहीं है वही एसडीम नवाबगंज आनंद तिवारी ने जुर्माना लगाने के आदेश की पुष्टि की है।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं का सुभासपा पर फूटा गुस्सा

सुभासपा के प्रमुख नेता योगी सरकार के सहयोगी ओपी राजभर द्वारा एबीवीपी कार्यकर्ताओ पर गुंडागर्दी करने के दिये गए बयान से आक्रोशित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहर के पटेल चौराहे से विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाई की मांग की।

# सरयू नदी के तलहटी के लोगों की फिर बढ़ी मुश्किलें

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरयू नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने नदी की तलहटी में बसे गांवों के लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। वहीं प्रशासन स्थित से निपटने के लिए सतर्क हो गया है। गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे नदी का पानी 45 सेंटीमीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा था जो शाम चार बजे तक 47 सेंटीमीटर पहुंच गया। लगातार नेपाल से छोड़े जा रहे पानी के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। नदी किनारे बसे गांव चारों तरफ बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। जिसके चलते ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई है।एसडीएम प्रीति सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने राजस्व टीम के साथ कोठरी गोरिया, सनावा, गोबरहा सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। उन्होंने इटहुवापूरब में बांध के पास जमा हो रहे पानी का भी निरीक्षण किया।नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को पानी के पास न जाने दें।

गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने और किसी भी समस्या पर स्वास्थ्य विभाग को तुरंत सूचित करने को कहा।एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि राजस्व टीम लगातार बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है। बाढ़ चौकी पर लेखपालों की तैनाती की गई है जो स्थिति की पल-पल की जानकारी दे रहे हैं।

## शिक्षक ही नही शिक्षाविद थे डॉ बलराम वर्मा: राम बहादुर मिसिर



**बाराबंकी।** वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय के प्राचार्य रहे स्व. डॉ बलराम वर्मा के स्मृति में शुभारंभ किये गए साहित्यकार सम्मान की कड़ी में पहला सम्मान अवधी आराधक, अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ रामबहादुर मिश्र को स्व डॉ बलराम वर्मा की जयंती पर महाविद्यालय द्वारा भव्य समारोह आयोजन करके प्रदान किया गया। इस मौके पर नामचीन साहित्यकारों, समजसेवियो एवं शिक्षकों ने डॉ वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्वो पर प्रकाश डाला। डॉ राम बहादुर मिश्र ने कहा कि स्व डॉ बलराम वर्मा एक शिक्षाविद थे, उन्होंने एक नही कई विद्यालयों एवं महाविद्यालय की स्थापना एवं संचालन में योगदान दिया है। उन्होंने मेरे सुझाव पर शोध लिखा जिसका प्रकाशन होने से पुछले ही दुनिया छोड़कर चले गए। डॉ वर्मा का शोध को प्रकाशित करवाना हम सबका दायित्व है। शोध प्रकाशित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस समारोह में पूर्व डीएसपी डॉ सत्या सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार समीक्षक डॉ विनय दास, डॉ श्याम सुंदर दीक्षित, महाविद्यालय के प्रबंधक आसुतोष ओझा, सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेशचंद्र बैसवार, समाजसेवी रत्नेश कुमार ने विचार रखे। इस मौके पर काव्यांजलि हुई जिसमें हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू अजय प्रधान, गीतकार साहब नारायण शर्मा आदि कवियों ने अपनी रचनाये पढ़ी।

# विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के तहत विकासखंड त्रिवेदीगंज के धौरहरा मजरे मोहम्मदपुर गांव में 38 लाख रुपए की लागत से कराए गए तीन विकास कार्यों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में विकास कार्यों को तेजी से किया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवन के उद्घाटन अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि पहले राशन की दुकान न होने से कोटेदारों को दूसरों के दरवाजे पर राशन वितरण करना पड़ता था और बरसात में पन्नी-तिरपाल का सहारा लेना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए सरकार ने हर गांव में राशन की दुकान बनाने का निर्णय लिया।

इस लोकार्पण समारोह के तहत लगभग 13 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बाल वाटिका एवं 10 लाख रुपए की लागत से बनी सीसी रोड का उद्घाटन कर ग्राम वासियों को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत प्रधान प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल प्रधान अवध राम प्रधान पिंटू वर्मा प्रधान कुंवर रामानंद सिंह प्रधान भानु बाजपेई पूर्व प्रधान पंकज सिंह बाबा अनिल सिंह राम यश विक्रम शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नपं ने चलाया अवैध होर्डिंग्स हटाने का अभियान

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर मे गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमे अवैध रूप से सड़को के किनारे लगाए गए पोस्टर बैनर होर्डिंग को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा हटाया गया है। बताते चले की नगर पंचायत जैदपुर में बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाए जाने से दुर्घटनाओ की भी संभावना बढ़ जाती है।जिसे शासन के आदेशानुसार आज हटाने का कार्य काफी देर चलता रहा। जबकि नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि शासन के आदेशानुसार बिना अनुमति के लगाए गए बैनर होर्डिंग आदि को हटाकर मार्ग को खाली कराया गया है। यह अभियान थाना चौराहा से सिद्धौर मार्ग स्थित पानी टंकी तक चलाया गया है।जब तक पूरी तरह से लगी तमाम होल्डिंग नहीं हटेगी अभियान चलता रहेगा।

# राज्यमंत्री के प्रयास से मेन्था किसानों को मिली राहत



**सिद्धौर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की पहल पर देश भर के मेंथा किसानों को बड़ी राहत मिली है। राज्यमंत्री के अनुरोध पर जीएसटी काउंसिल की बैठक में प्राकृतिक मेंथा की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत एवं सिंथेटिक मेंथा की दर 12त्न से बढ़ाकर 18 प्रतिशत की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है ।

इसका सबसे अधिक लाभ बाराबंकी के किसानों को होगा क्योंकि पूरे देश में उत्तर प्रदेश और खासकर बाराबंकी मेंथा उत्पादन में अग्रणी है ।अब तक प्राकृतिक और सिंथेटिक मेंथा दोनों पर समान रूप से 12त्न जीएसटी लागू था इससे बाजार में सिंथेटिक मेंथा ज्यादा बिकने लगा और प्राकृतिक मेंथा के दाम पिछले कई वर्षों से लगभग स्थिर रहे ।किसानों द्वारा यह मामला राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के संज्ञान में लाया गया ।बीते 24 जुलाई को राज्यमंत्री ने लोकसभा स्थित कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलकर उनके समक्ष किसानों की यह समस्या रखी और उनसे मेंथा किसानों को लाभकारी मूल्य दिलवाए जाने का अनुरोध किया ।परिणाम स्वरूप जीएसटी काउंसिल ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए प्राकृतिक मेंथा पर जीएसटी 12त्न से घटाकर 5त्न कर दी ।इस फैसले से प्राकृतिक मेंथा के दाम तीन सौ से चार सौ रुपए तक बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा।

मेंथा की खेती करने वाले किसान बबलू तिवारी , रंजीत , राजू सिंह , सत्यनाम और मनोज कुमार का कहना है कि राज्यमंत्री श्री शर्मा ने समय रहते किसानों की पीड़ा केंद्र सरकार तक पहुंचाई तभी यह ऐतिहासिक निर्णय हुआ है ।उधर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने गुरुवार को एक बयान जारी कर मेंथा किसानों के हित में यह बड़ा निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है।


### सूचना

मैं राशिद अली पुत्र साकिर अली, निवासी ग्राम धिरावां, तहसील गोला,जनपद लखीमपुर खीरी अपने पुत्र खुशनूद , (उम्र 23 वर्ष) के असामाजिक व अनुचित व्यवहार से क्षुब्ध होकर दिनांक 04.09.2025 से उसे अपनी समस्त संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसका मुझसे या मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं रहेगा। भविष्य में उसके किसी भी कार्य, कर्ज लेन-देन या गतिविधि के लिए वही स्वयं जिम्मेदार होगा।

### सूचना

अम्बा देवी व मंशिला पत्नी पंचम निवासी ग्राम व पोस्ट कल्हुआ मोती तहसील मितौली जिला खीरी एक ही महिला के नाम है भविष्य में अम्बा देवी नाम से जाना जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नन्हेलाल पुत्र छोटेलाल, ग्राम मनौरा विकास खंड सूरतगंज परगना व तहसील रामनगर जिला बाराबंकी का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड पर त्रुटिवश ननकू पुत्र छोटेलाल दर्ज है। जबकि सही नाम नन्हेलाल पुत्र छोटेलाल है, मेरा आधारकार्ड नन्हेलाल पुत्र छोटेलाल नाम से संशोधित समझा जाये।

**सूचनाकर्ता**
**नन्हेलाल पुत्र छोटेलाल ग्राम मनौरा मजरे रामपुर तेलियानी रामनगर, बाराबंकी।**


## खबरें एक नजर में

### गैंगेस्टर का वांछित गिरफ्तार



**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के 1 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 278/2025 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त विजय कुमार रावत पुत्र रामलौटन उर्फ रामलवट निवासी साखूपारा थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या को अटवा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### एसपी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल की सुरक्षा का लिया जायजा

**उन्नाव।** गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गगनीखेड़ा झील का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव और थाना गंगाघाट पुलिस बल भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिमा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान विसर्जन स्थल पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है एवं प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।

### पेड़ गिरने से मियांगंज-चकलवंशी मार्ग बाधित

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार मियागंज-चकलवंशी मार्ग पर सड़क किनारे खडा यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर उधर से गुजर नही रहा था अन्यथा हादसा हो सकता था। पेड़ सडक पर गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी जिसपर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर गिरे पेड़ को काटकर हटाया जिसके बाद आवागमन शुरु हुआ। इस दौरान वाहन चालक इंतजार करते रहे।

### प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक पात्रता परीक्षा को जनपद में सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर ब्रीफ किया। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, शांति व्यवस्था और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है। अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की गई है।

# कृषि मंत्री ने स्टाक रजिस्टर चेककर की किसानों से वार्ता

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज**



प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा जनपद में स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों श्री मां फर्टिलाइजर नवाबगंज, आईएफएमडीसी मखदुमपुर व पीसीएस केंद्र बिचपरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विक्रेताओं का स्टॉक रजिस्टर वितरण रजिस्टर की जांच की गई तथा किसानों से वार्ता भी की गई। वार्ता के दौरान कृषक द्वारा अवगत कराया गया कि उनके खेत में कीट लगने के कारण फसल नुकसान हो रही है। कृषि मंत्री द्वारा कृषि रक्षा अधिकारी को किसान के खेत का स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। किसानों को संस्तुत मात्रा में ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी गई। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता की। कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरक की लक्ष्य, उपलब्धता एवं वितरण के संदर्भ में बैठक किया गया एवं अधिकारियों को सघन निरीक्षण के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी शशांक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में 6717 मेट्रिक टन यूरिया, 3886 मेट्रिक टन डीएपी, 4128 मेट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है तथा 2600 मेट्रिक टन इफ्को यूरिया प्राप्त हुई है। जिसका प्रेषण साधन सहकारी समितियां व एग्रीजंक्शन केंद्र को किया जा रहा है। मंत्री द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण सुचारू रूप से कराया जाए तथा नियम की अवहेलना करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही की जाए तथा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उर्वरक की बिक्री निर्धारित मूल्य यूरिया 266.50, डीएपी 1350 रुपए पर ही करें तथा संस्तुत मात्रा एवं कृषक के जोत के अनुसार ही उर्वरक का वितरण करे। साथी किसानों से अपील की कि संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरक का प्रयोग खेतों में करें। अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से मृदा स्वास्थ्य एवं फसल उत्पादन में कमी आतीं है तथा उर्वरक का भंडारण न करे। इस दौरान उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के निदेशक पीयूष शर्मा, उत्तर प्रदेश बीज प्रमाणीकरण के निदेशक टीपी चौधरी, एडीएम. एफआर., उपजिलाधिकारी सदर, संयुक्त निदेशक कृषि लखनऊ मंडल अजय कृष्ण, उपनिदेशक कृषि उन्नाव रविचंद्र प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी उन्नाव शशांक एवं तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी, प्रताड़ना का लगाया आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पड़ोसियों की सूचना पर देररात पहुंचे मायके पक्ष के परिजनों व ससुरलीजनो के बीच धक्का-मुक्की हुई जिसके बाद भाई ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने फॉरेसिक टीम को बुलाकर जांच करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो चिकित्सकों के पैनल से गर्भवती होने की पुष्टि की गयी। असोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुक्तेमऊ बेरू निवासी अनीता गुप्ता 22 पत्नी हिमांशु गुप्ता ने देररात संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे भाई हिमांशु पुत्र स्व0 रामलखन ग्राम जबरौली थाना मोहनलालगंज रायबरेली जनपद लखनऊ ललिता पुत्री स्वर्गीय रामलखन गुप्ता ने बताया कि अनीता का विवाह नवंबर 2024 में हिमांशु पुत्र बाबू गुप्ता के साथ हुआ था। पति शराबी है इसलिए आयेदिन दोनों में विवाद हुआ करता था।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जताई प्रसन्नता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जीएसटी काउंसलिंग में जीएसटी की दरों को कम कर घरेलू खाद्य पदार्थों पर बिल्कुल समाप्त करने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने देश के प्रधानमंत्री को इस कर के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह प्रस्ताव देशहित में व्यापारी हित में व्यापारी इसकी प्रशंसा करते हैं और आने वाले समय में व्यापारी इसका आभार व्यक्त करेंगे। उपरोक्त रोजगार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला वरिष्ठमहामंत्री हरिगोपाल शुक्ला, शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल ने ऋषभ कंप्यूटर पर एक बैठक में संयुक्त रूप से कहे देश के प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के शहर संरक्षक मनोज गुप्ता जिला मंत्री कृष्ण कुमार मिश्रा जिला संगठन मंत्री अवधेश दुबे शहर महामंत्री विवेक गुप्ता शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा अमित तिवारी अखिलेश कौशिक उपाध्यक्ष सुमित गर्ग अनु कुमार गुप्ता आशुतोष पमार दीपक अग्रवाल दिलीप जैन मनीष अग्रवाल फिरोज आलम रामसेवक कुशवाहा एडवोकेट एजाज अहमद आकाश गुप्ता बंटू चौहान विनय यादव विपिन बघेल संतोष बाल्मिक हिमांशु यादव उमाशंकर पोरवाल अमित वर्मा विवेक अग्रवाल मंत्री कमलेश कुमार पाल शिवम यादव राहुल पटेल राजीव कठेरिया गौरव सोनी सुदीप जैन एकलव्य भदोरिया अक्षय बाजपेई अविनाश पाल सारूल हसन शिवम दुबे राकेश तिवारी एवं शरद अग्रवाल हरेंद्र भदोरिया आदि ने की है।

## एसपी ने बारावफात के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** बारावफात के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव के साथ थाना कोतवाली सदर क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने बारावफात जुलूस के रूट का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बारावफात के अवसर पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है।


## ग्लोबल एजूकेशन – फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ
### आवश्यकता है

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम हेतु विभागाध्यक्ष, प्रवक्ताओं एवं अन्य स्टाफ की आवश्यकता है।

1– विभागाध्यक्ष – 1 पद, योग्यता– 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि और 50 प्रतिशत अंकों के साथ एम.एड./एम.ए. (शिक्षाशास्त्र)
अनुभव– शिक्षण संस्थान में 5 वर्ष पढ़ाने का

2– प्रवक्ता – शिक्षा में परिप्रेक्ष्य/शिक्षा के आधार –3 पद, विज्ञान–2 पद, मानविकी और समाज विज्ञान–2 पद, गणित–2 पद, भाषाएं–3 पद
योग्यता – 50 प्रतिशत अंकों के साथ एम.एड. की डिग्री/एम.ए. शिक्षाशास्त्र

3– प्रवक्ता – शारीरिक शिक्षा 1 पद, योग्यता 50 प्रतिशत अंकों के साथ व्यायाम शिक्षा में मास्टर डिग्री (एम.पी.एड.)

4– प्रवक्ता – दृश्य और अभिनय निष्पादन कलाएं– 2 पद, योग्यता– ललित कलाओं/संगीत/नृत्य/थिएटर में 50 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री

सभी पदों पर योग्यता, वेतनमान, आयु राज्य सरकार/विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मानकानुसार होगी।

सभी पदों के आवेदन पत्र 17/09/2025 तक डाक द्वारा या सीधे कार्यालय में भेजें। साक्षात्कार हेतु मूल अभिलेखों सहित 19/09/2025 को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय में उपस्थित हों

प्रबन्धक मो0 नं0 9450008897


## एबीवीपी ने मंत्री व पुलिस प्रशासन का फूंका पुतला

**इटावा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विगत दिनों बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ता रामस्वरूप विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर बाहरी गुंडों द्वारा हमला, पुलिसकर्मियों द्वारा बर्बर लाठीचार्ज व विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रम के अवैध संचालन सहित अनियमितता से युक्त विश्वविद्यालय पर कार्यवाही के सम्बंध में एबीवीपी कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए ज्ञापन सौंपा। पुलिस प्रशासन एवं सत्ता में बैठे मंत्री ओमप्रकाश राजभर के विवादित बयान पर अखिल भारतीय विद्यार्थियों के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय आव्हान पर इटावा नगर के शास्त्री चौराहे नारे बाजी करते हुए मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

# उद्योग व्यापार मंडल का प्रदेश महासम्मेलन कल : दिनेश



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रदेश महासम्मेलन 6 सितम्बर दिन शनिवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार कजारिया टाइल्स वाले ने जानकारी देते हुए बताया कि जो प्रदेश महासम्मेलन 6 सितम्बर दिन शनिवार को सुबह 11 बजे आयोजित किया जा रहा है उसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। व्यापारियों की समस्याओं को लेकर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों से पहुंचने की अपील की है। इस मौके पर उनके साथ मनीष यादव कोषाध्यक्ष, विवेक यादव महासचिव, शाहरूख सचिव, पिन्टू पाल उपाध्यक्ष आदि उपाध्यक्ष रहे।

## जीएसटी स्लैब में कटौती के लिए वित्तमंत्री का धन्यवाद

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा जीएसटी कटौती पर प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री की इस कार्रवाई के लिए जिलाध्यक्ष उद्योग मंच भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज ने केंद्र सरकार का किया धन्यवाद। जिलाध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज ने कहा कि जीएसटी दरे घटने से रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं सस्ती होगी तथा मध्यम व गरीब परिवार को लाभ मिलेगा। शिक्षा के विकास में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर भी स्लैब कम किया है। प्रधानमंत्री ने जनता को दिवाली पर एक नया तोहफा दिया है क्योंकि सनातन धर्म में दिवाली पर सबसे ज्यादा वस्तुएं खरीदी जाती हैं जिसमें घरेलू उत्पाद से लेकर कार, बाइक, मकान आदि यही वस्तुएं सबसे ज्यादा खरीदी जाती है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस, जनपद-अमेठी

पत्रांक – 520/न.पा.प.जायस/2025-26 दिनांक- 04.09.2025

(प्रेस विज्ञप्ति)

State Dedicated Command Control Center (DCCC) की लाइव मॉनिटरिंग में आज दिनांक 04.09.2025 को प्रातः 8:00 बजे नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी के वार्ड नं. 19 गोरियाना पश्चिमी में श्री अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अमेठी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद जायस में संचालित डोर टू डोर कार्यक्रम की ऑनलाइन लाइव मॉनिटरिंग की गई तथा वार्ड सभासद प्रतिनिधि श्री मो. बिलाल, श्री आसिफ इकबाल अहमद तथा अन्य उपस्थित व्यक्तियों से सफाई व्यवस्था एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के सम्बन्ध में वार्ता की गई जिसमें उपस्थित लोगों ने नगर पालिका परिषद जायस के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व सफाई व्यवस्था की सराहना की। उक्त अवसर पर श्री शैलेन्द्र कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी , श्री सूर्यप्रताप सिंह जिला कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अमेठी एवं नगर पालिका परिषद जायस के कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अमेठी द्वारा उपस्थित व्यक्तियों से सोर्स सेग्रीगेशन के माध्यम से गीले व सूखे कूड़े को घर में ही पृथक कर नगर पालिका परिषद जायस के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन में डालने हेतु अपील की गई।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद-अमेठी**

# अध्यक्ष पद के विवाद में उलझी कम्पिल की ऐतिहासिक रामलीला



रामलीला नाट्य मंचन स्थल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचान रखने वाली कम्पिल नगर की ऐतिहासिक रामलीला इस बार संकट में है। अध्यक्ष पद के विवाद और चुनाव स्थगित होने के कारण आयोजन की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। नागरिकों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर शीघ्र मनोनयन कराने की मांग की है।

### परंपरा में खलल

कम्पिल रामलीला कमेटी की वर्षों पुरानी परंपरा रही है कि राजगद्दी वाले दिन निवर्तमान अध्यक्ष मंच पर जनता के समक्ष नए अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखते हैं।

भीड़ से किसी इच्छुक व्यक्ति का नाम सामने आते ही उसकी घोषणा माइक से की जाती है और माल्यार्पण कर अगले वर्ष की रामलीला मंचन की जिम्मेदारी उसे सौंप दी जाती है।

### पिछले वर्ष भड़का विवाद

पिछले वर्ष जब तत्कालीन अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने नए अध्यक्ष के मनोनयन की बात रखी तो भीड़ से कुलदीप सैनी का नाम सामने आया, तभी किसी बात को लेकर सुबोध और कुलदीप समर्थकों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते सैकड़ों लोग आमने सामने आ गए और हाथापाई शुरू हो गई।

### पुलिस का हस्तक्षेप

स्थिति गंभीर होते देख क्षेत्राधिकारी, थाना कम्पिल और कोतवाली कायमगंज का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया और सुबोध व कुलदीप को थाने ले जाकर मीटिंग कर एक सप्ताह में नया अध्यक्ष चुनने का समझौता कराया। हालांकि उसके बाद लगभग दस माह बीत जाने के बावजूद कोई बैठक नहीं हुई और नया अध्यक्ष नहीं चुना जा सका।

> ▸ चुनाव टलने से दस माह से रिक्त पड़ा है पद, इस वर्ष का मंचन अधर में लटका

### आयोजन पर संकट

इस बार का रामलीला मंचन अध्यक्ष पद रिक्त रहने से अधर में लटक गया है। नागरिकों ने एसडीएम कायमगंज को ज्ञापन सौंपकर अध्यक्ष पद पर प्रशासनिक स्तर से मनोनयन करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते निर्णय न हुआ तो वर्षों पुरानी परंपरा टूट सकती है और अराजक स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

### धार्मिक नगरी की पहचान

कम्पिल पांचाल क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है और यहाँ की रामलीला दूर.दराज़ तक आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष इस मंचन को देखने आते हैं। यही कारण है कि नागरिकों में इस आयोजन को लेकर गहरी चिंता है।

### निगाहें प्रशासन पर

अब सभी की निगाहें प्रशासन की ओर टिकी हैं कि वह ऐतिहासिक परंपरा को बचाने और आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए क्या कदम उठाता है।

# गणेश विसर्जन यात्राओं के चलते 7 सितंबर तक रहेगा रुट डायवर्जन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने 4 सितंबर से 7 सितंबर तक रुट डायवर्जन किया है। रुट डायवर्जन में बसें कमालगंज, गुरसहायगंज, मेहंदीपुर घाट से जाएंगी। इस व्यवस्था से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। गणेश विसर्जन यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने 4 से 7 सितंबर तक रूट डायवर्जन की घोषणा की है। पुरानी घटियाघाट से वन चेतना पांचाल घाट तक मूर्ति विसर्जन होगा। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पुल पर एनएचएआई द्वारा मरम्मत कार्य चल रहा है। इसलिए वाहनों का संचालन वन-वे से किया जा रहा है।


पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए रोडवेज बसों का मार्ग बदला गया है। फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर और हरदोई जाने वाली बसें पांचाल घाट के बजाय कमालगंज, गुरसहायगंज, मेहंदीपुर घाट पुल और कन्नौज होकर जाएंगी। बड़े और भारी वाहनों का रूट डायवर्जन पहले की तरह ही रहेगा। पुलिस प्रशासन ने यह व्यवस्था गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए की है।

# शिक्षक दिवस पर हुआ शिक्षकों का सम्मान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित शिक्षकगण

शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर नई बस्ती रोड स्थित एच.ओ. एकेडमी परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्राध्यापक प्रो. रामबाबू मिश्र रत्नेश को बेस्ट टीचर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रजत रस्तोगी, अध्यक्ष शुभम रस्तोगी व प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने स्टाफ के दिव्या पाल, मेहर नाज, असमी खान, ज्योति शर्मा, गोल्डी कौशल, असमी खान, अजीत कुमार, विपिन पाठक, साकेत, परवेज आलम, हितेश कुमार, काजल कुशवाह, सौरभ चतुर्वेदी, आन्या शाक्य को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेणुका, काव्या, हुदा, अंशुल आदि ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक की समाज निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि शिक्षक की जिम्मेदारी कक्षाओं तक सीमित नहीं है समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका रहनी चाहिये। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर निरंतर हो रहे प्रयोगों से प्राथमिक शिक्षा प्रभावित हुई है। शिक्षा के मशीनीकरण से अनुशासन और संस्कार के रास्ते बंद हो जाएंगे। अंत में प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी जब बच्चों को ज्ञान के साथ अनुशासन और संस्कार भी सुनिश्चित हो।

इस अवसर पर छात्रों के अभिभावक मोहम्मद शाहिद, फखरुद्दीन, चेतन शाक्य, गौरव दीक्षित, जाहिद खान, अधिवक्ता मनीष कुमार अग्रवाल, नितिन गुप्ता, राजीव कुमार, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गयी गजानन की विसर्जन यात्रा

> ▸ गोविंदाओं ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में लिया भाग

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला मैदान से गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत सुबह रामलीला मैदान से हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाया।

कस्बे में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। डीजे की धुन पर युवा और महिलाएं रास्ते भर नृत्य करते रहे। यात्रा में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। विसर्जन यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को लेकर महिलाएं भी शामिल हुईं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर पट्टी मदारी और मुख्य चौराहे से होते हुए गंगा रोड पर रामेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। इसके बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।


मटकी फोड़ते युवा

यात्रा में बबलू सैनी, सुनील शाक्य, देवेश राठौर, राजू सेठी, लव वर्मा, ललित शाक्य, महावीर यादव, सुधीर शाक्य, गिरीश शाक्य और प्रवीण शाक्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शहर के अन्य हिस्सों में भी गणेश विसर्जन की यात्राएं निकाली गईं। विसर्जन यात्राओं के दौरान पुलिस हर गतिविधि पर अपनी नजर रखे रही। सौहार्दपूर्ण वातावरण में गजानन की प्रतिमाओं का भू विसर्जन किया गया।

## धूमधाम से किया गया भगवान गणपति का भू-विसर्जन

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश मिश्रा के निज स्थान पर श्री गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की गयी थी। विगत कई दिनों से नगर के निवासी गणेश जी की पूजा कर आशीर्वाद लें रहे थे। आज सुबह ढोल बाजे एवं मथुरा वृंदावन से आए हुए लोगों ने नृत्य के साथ गणेश जी का विसर्जन किया। जो कमालगंज नगर के मिठाई गली से होते हुए मुख्य मार्गों पर घुमाया गया एवं हजारों की भीड़ के साथ में विघ्न हरण मंगल कर्ता के जय कारे लगाते हुए गंगा गली होते हुए गंगा नदी में विसर्जित किया गया। इस मौके पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश मिश्रा, आकाश गुप्ता, संजय गुप्ता, बंटी गुप्ता, दीपक, सुंदर, दुर्गेश, पंकज गुप्ता, गुड्डू मिश्रा, श्याम दुबे, कमरुल हक, कल्लू चौरसिया, विनय चौरसिया इत्यादि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीपीओ ने की एफएलएस डाटा फीडिंग की समीक्षा


बैठक के दौरान मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय परिसर में बने सीडीपीओ कार्यालय पर एफ एलएस डाटा फीडिंग की समीक्षा के लिए बैठक बुलायी गयी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित सीडीपीओ कार्यालय पर गुरुवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने एफ एलएस डाटा फीडिंग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक बुलायी। जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सुझाव दिये और कहा कि एक हफ्ते में सभी लोग अपनी डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण कर लें। यदि कोई भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मामले में लापरवाही बरतती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा अन्य विभागीय कार्यों के बारे में भी चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कार्यों में तेजी लाने की बात कही। इस मौके पर डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, सीडीपीओ इंचार्ज सुनीता उपाध्याय, सुपरवाइजर इंचार्ज रिजवाना तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के वर्चुअल उद्धघाटन को लेकर बीडीओ ने आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



नव निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आगामी 10 सितंबर को मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल उद्धघाटन करने हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास खंड अधिकारी ने निरीक्षण कर व्यवस्थायें परखीं तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाटासा में बने आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र का आगामी 10 सितंबर को मुख्यमंत्री के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन होने के कारण आज विकास खंड अधिकारी ने अमरेश चौहान ने निरीक्षण कर संबंधित सचिव तथा ग्राम प्रधान को दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया की मुख्यमंत्री के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। जिसके लिए ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव तथा संबंधित लोगों को आवश्यक दशा निर्देश देते हुए काम करने की बात कही। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान गोविंद सिंह गंगवार सहित कई कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# रामगंगा नदी उफान पर, चेतावनी बिन्दु के करीब पहुंचा जलस्तर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा के साथ रामगंगा का जलस्तर बढ़ गया है। 48 घंटे में 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे जलस्तर चेतावनी बिंदु से मात्र 30 सेमी दूर रह गया है।

पिछले एक माह से गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर चल रही हैं। अमृतपुर क्षेत्र में गंगा के बढ़े जलस्तर से बाढ़ का प्रकोप भी बना हुआ है। रामगंगा नदी जो की अमृतपुर क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। वह भी उफान पर आ गई हैं। पिछले 48 घंटे में रामगंगा नदी का जलस्तर 1 मीटर यानी 3 फीट से ज्यादा बढ़ गया है। मंगलवार सुबह को रामगंगा नदी का जलस्तर 135.30 सेंटीमीटर था। गुरुवार सुबह जलस्तर बढ़कर 136.30 सेंटीमीटर पहुंच गया है। अब रामगंगा नदी चेतावनी बिंदु से मात्र 30 सेंटीमीटर दूर है। रामगंगा नदी में खो, हरेली, रामनगर बेराज से मंगलवार सुबह 38197 क्यूसेक, मंगलवार शाम 47534 क्यूसेक, बुधवार सुबह 49110 क्यूसेक, बुधवार शाम 37543 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। गुरुवार सुबह भी 27582 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। अगर पिछले 48 घंटे में कुल छोड़े गए पानी की बात की जाए तो 199957 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे रामगंगा नदी में उफान आ गया है। इसका असर अमृतपुर क्षेत्र में पड़ना स्वाभाविक है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से अल्हादपुर भटौली, असलानपुर, कोला सोता, हरपालपुर, हीरानगर, रामनगर, चपरा, अमैयापुर सहित दर्जन भर गांव प्रभावित होने की संभावना जताई गई है।


गांवों में भरा बाढ़ का पानी

# वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 178/25 धारा 137 (2)/87 बीएनएस में अभियुक्त श्यामवीर पुत्र रमेश चन्द्र वर्तमान पता निवासी ग्राम भगौतीपुर कोतवाली कायमगंज स्थाई निवासी ग्राम धर्मपुर भैंसार थाना कम्पिल को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने सूचना दी कि अभियुक्त श्यामवीर पुत्र रमेश चन्द्र निवासी उपरोक्त उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना पर कोतवाली कायमगंज मु0अ0सं0 178/25 धारा 137(2)/87 बीएनएस बनाम श्यामवीर उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचना के कुमार में मुकदमा उपरोक्त में बयान वादिया, निरीक्षण घटना स्थल व अपहृता/पीड़िता की बरामदगी कर पीड़िता के बयान अन्तर्गत धारा 180/183 बीएनएसएस व मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी तथा दिनांक 04.09.2025 को वांछित अभियुक्त श्यामवीर उपरोक्त को गिरफ्तार कर किया गया है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 160 मरीज का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवायें वितरित की गयीं।

कायमगंज, शमशाबाद तराई क्षेत्र में लगातार गत माह से हो रही बारिश, बाढ़ के प्रकोप के कारण तराई क्षेत्र के ग्रामों में संक्रामक बीमारियों ने अपने पैर पसार लिए हैं। इसी को देखते हुए ढाईघाट गंगा तट पर स्थित नारायण आश्रम पर समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल के निर्देशन पर समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, कुंवर जीत सिंह, डॉक्टर अनुराग सिंह, डॉ. यश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। शिविर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्राम समैचीपुर, कासिमपुर तराई, सुतिहार, साधौ सराय, इस्माइल नगर, भगवानपुर, बाजिदपुर, हरसिंहपुर तराई, लोदीपुर सहित अनेक गांव व राहगीरों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया व दवाइयां प्राप्त कीं। इन सभी गांवों में खांसी, जुखाम, बुखार, पेट दर्द, सिर दर्द, बीपी, शुगर, नाक, कान, गला व हड्डी से संबंधित तमाम मरीज ने अपना उपचार कराया।



स्वास्थ्य कैंप में मरीजों का परीक्षण कर दवायें देते चिकित्सक

गंभीर मरीजों को अस्पताल में आकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए कहा गया। वहां पर मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मंगल पांडे द्वारा उपचार किया गया। इसी के साथ-साथ आए हुए सभी ग्रामीणों को सामाजिक संस्था समर्पण सेवा समिति के प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल व मिथलेश अग्रवाल द्वारा लगातार 15 दिनों से भंडारा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को भोजन व सुबह चाय नाश्ता की व्यवस्था कराई जा रही है। इस अवसर पर नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, विमल सिंह, अवधेश कश्यप, राजू कश्यप सहित अनेक लोगों ने अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया।


सीएचसी में मौजूद ग्रामीण की भीड़

## मौसमी बीमारियों से पीड़ित ग्रामीणों की सीएचसी में उमड़ी भीड़

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बरसात के मौसम तथा मौसम के बदलते मिजाज के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए मरीजों की संख्या में इजाफा देखा गया। जिसमें खांसी, जुखाम, बुखार तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग दवा लेने पहुंचे। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा ने व्यवस्था संभाली तथा सभी को औषधि वितरण करवायी। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मौसम बदल रहा है। मौसमी बीमारियां बढ़ रही हैं। जिसके चलते मरीजों की भीड़ बढ़ रही है।

# त्यौहारों को लेकर सीओ ने ली पीस कमेटी की बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना अध्यक्ष ने त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक बुलायी तथा लोगों से आवश्यक सुझाव लिए। मौजूद लोगों से कहा कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण पर गुरुवार को थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा ने कल होने वाले त्यौहार बारा रवी उल अव्वल तथा अनंत चतुर्दशी के मद्देनजर मोहम्मदाबाद पीस कमेटी की बैठक बुलाई। जिसमें सभी ने आवश्यक सुझाव दिए तथा सभी को मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाने की अपील की गयी। अराजकता फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए कोई भी व्यक्ति अराजकता ना फैलाएं। वहीं कल बारा रवी उल अव्वल के जुलूस को लेकर थाना अध्यक्ष ने सभी लोगों को डीजे पर दो साउंड लगाकर और मर्यादा में रहकर बजाने की बात कही। वहीं अगले दिन अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन पर भी सभी लोगों को डीजे को मर्यादा में बजाने की बात कही और यह भी बताया कि जो भी व्यक्ति अमर्यादित तरीके से पेश आएगा तो उसके साथ उसी लहजे में पेश आया जाएगा और कड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जा सकती है। इसलिए सभी लोग भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं और एक दूसरे को सहयोग करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, उप निरीक्षक रमाशंकर पांचाल, उप निरीक्षक अभिलाष सिंह, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, उप निरीक्षक हेमंत कुमार, कस्बा इंचार्ज गिरीश चंद्र तथा हाफिज अकरम राजा खान, हाफिज शोएब खान, हाफिज आरिफ राजा खान, आदिल खान, इमरान खान, गनीपुर मस्जिद के सदर वली मोहम्मद, सुरेश कुमार, अरविंद प्रताप, गौरव सक्सेना, दुष्यंत कश्यप, डॉक्टर पवन कश्यप, जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, योगेंद्र सिंह, सुदेश राठौर आदि बैठक में मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक लेते सीओ व थानाध्यक्ष

# बाढ़ की मार झेल रहे ग्रामीणों ने राहत सामग्री के लिए एसडीएम से लगायी गुहार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र में बाढ़ का कहर एक महीने बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। नरौरा बांध से छोड़े जा रहे पानी से लोगों के खेत लबालब हैं। संपर्क मार्ग कई-कई जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिनसे होकर शहर तक आना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीण रोजमर्रा की चीजें खरीदने के लिए जान हथेली पर लेकर पैदल अथवा नाव से आ जा रहे हैं। कई घरों में रखी रसद सामाग्री भी अब खत्म हो चली है। बाढ़ के दौरान बिजली सप्लाई बंद होने के कारण ग्रामीणों को गेहूं पिसवाने के लिए भी शहर आना पड़ रहा है।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पीड़ित ग्रामीण

बाढ़ से आहत चौखड़िया सिनौली गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने आज तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार से वार्तालाप कर अपना दर्द बयां किया। उन्होंने बताया कि उनके गांवों में अभी तक राहत सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। जबकि लेखपाल द्वारा सूची बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि वहीं पास के गांवों पचरौली, महादेवपुर, मोतीनगला, पंछीनगला आदि गांवों में वितरण किया जा चुका है। तहसील पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ को देखकर एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने उन्हें जल्द राहत सामग्री मुहैया कराने का भरोसा दिया। वहीं बहुजन क्रांति पार्टी के कार्यकर्ताओं ब्रह्मानंद शाक्य, आनंद प्रकाश, कमलेश कुमार, अरबाज खां, देवसिंह आदि ने राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों की फसलों का मुआवजा दिए जाने, किसानों का ऋण माफ करने, किसानों के ऋण विवाद समाप्त करने, बाढ़ प्रभावित गांवों में जून से अक्टूबर तक मिनी और राष्ट्रीकृत बैंकों की ऋण किस्त माफ करने की मांग की।

# गणेश पंडाल में राम जन्म महोत्सव का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर में गणेश उत्सव की धूम चारों ओर है। वहीं नगर के रंगेश्वर महादेव में विराजमान द्वितीय गणेश उत्सव भक्तों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गणेश पंडाल में श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान नरेंद्र पांडेय व उनकी पत्नी रमा पांडेय ने विधि विधान से पूजन किया। पुरोहित सोनू मिश्रा ने पूजन कराया। राम जन्म उत्सव के दौरान, भगवान श्रीराम जन्म की झांकी, भगवान विष्णु की झांकी को देखकर भक्त भाव विभोर हो गये। भगवान श्रीराम और भगवान गणेश दोनों भक्तों को एक साथ लाता है, जो हिंदू धर्म की विविधता और समृद्धि को दर्शाता है। श्रीराम जन्मोत्सव का पावन कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ। राम जन्म की झांकी में विष्णु भगवान का स्वरूप कृष्ण मिश्रा ने तथा माता कौशल्या का स्वरूप खुशबू पांडेय ने निभाया। राम जन्म होते ही भक्तों ने उत्साह में नृत्य किया और बधाइयां दी। पूरे आयोजन का संचालन आचार्य शरद मिश्र (सोनू पंडित) ने किया। इस अवसर पर पंडित राजेश दीक्षित, पप्पू अवस्थी, अशोक कुमार दीक्षित, अशोक मिश्रा, राजेंद्र दीक्षित, नवीन मिश्र, अनू दुबे, गौरव मिश्रा, श्याम, शिवम, नरेंद्र पाण्डेय, कार्तिक द्विवेदी, यश अरोरा, वैभव मिश्रा, नमन पाण्डेय, विकास अवस्थी, रतन भारद्वाज, अंकुर रस्तोगी, विष्णु नारायण अरोड़ा, सुरेंद्र पांडे, दीपक मिश्रा, अनुराग पांडे, पंकज पांडे, प्रखर, नयन, केशव आदि उपस्थित रहे। महिलाओं में रमा पांडे, मधु मिश्रा, रंजना अरोरा, रचना शुक्ला, कामिनी रस्तोगी, प्रभा गौड़, मीरा सिंह, वंदना शुक्ला, विभा अरोरा, बुलबुल, हिना, धार्मिका अरोरा, निधि, पलक, निशि आदि मौजूद रही। विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसकी सेवा सुरेश चन्द्र यादव एवं विक्की दीक्षित की ओर से की गई। इस अवसर पर पूरे वातावरण में जय श्री राम के जयकारे गूंज उठे और श्रद्धालुओं ने प्रभु राम जन्मोत्सव का आनंद उत्साहपूर्वक लिया।



राम जन्मोत्सव की लीला करते कलाकार



मौजूद भक्तगण

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में उल्लास पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




नाटक प्रस्तुत करती छात्रायें

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में भारत के महान दार्शनिक, शिक्षक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस ससम्मान एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया। शीर्ष बालक शौर्य दुबे तथा शीर्ष बालिका श्रेया द्विवेदी ने पुष्प अर्पित किए। कक्षा 11वीं की छात्रा कनिष्का सिंह ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा छात्रा जया गुप्ता ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। छात्राओं तनिष्का राजपूत, अराधना सिंह, आरोही कटियार, आरोही चौरसिया आदि ने आशियाना मेरा गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए अपना आभार व्यक्त किया। छात्रों के सर्वांगीण विकास में तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उप-प्रधानाचार्या डॉ.अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल को बुके भेंटकर सम्मानित किया। कई शिक्षकों ने कविता पाठ कर अपने-अपने गुरुजनों को याद किया। छात्रों ने नाटक, नृत्य, भाषण तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा बैज आदि लगाकर सम्मानित किया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर होते हैं, जो विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण कर राष्ट्र को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों का श्रेय शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को जाता है। उनकी निष्ठा ही विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि शिक्षण केवल पेशा नहीं, बल्कि यह समाज सेवा का एक श्रेष्ठ साधन है, जो विद्यार्थियों के जीवन में सही दिशा और प्रेरणा का संचार करता है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और प्रबंधन, शिक्षकों, छात्रों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। चालन कविता पांडे ने किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

# भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महिला मोर्चा की बैठक सम्पन्न

▸ नवीन महिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महिला मोर्चा की बैठक प्रदेश सचिव राजीव अग्रवाल के निवास टाउनहाल पर सम्पन्न हुई।

अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी ने की। बैठक में नगर अध्यक्ष पूर्ण प्रकाश पुन्नी शुक्ला ने संगठन का विस्तार करते हुए महिला व्यापारियों को संगठन से जोड़ा और नवीन महिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अगली बैठक में प्रमाण पत्र के साथ पद घोषित किये जायेंगे। जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी ने महिला व्यापारियों का माल्यार्पण कर स्वागत कर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। प्रदेश सचिव राजीव अग्रवाल ने कहा कि संगठन ही शक्ति होता है, इसलिए सभी व्यापारी एकजुट रहे।

किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नगर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कहा कि नवीन पदाधिकारी महिलाओं को पदाधिकारी बनाया गया है। प्रमाण पत्र आने पर उन्हें पदाधिकारी घोषित किया जायेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सुजाता सिंह, सुभाष अग्रवाल, आनंद मोहन वर्मा, सनी जैन, आनंद गुप्ता, कविता शुक्ला, नीतू शुक्ला, अर्चना द्विवेदी, प्रीती मिश्रा, पुष्पा अवस्थी के अलावा निर्मला राजपूत, शकुंतला, शिवलता, मोहिनी, डोली, सीमा शाक्य, महारानी शाक्य, अनीता, मोनी, लक्ष्मी, सुनीता, किरन, जानकी शुक्ला आदि महिलायें मौजूद रही।



व्यापार मण्डल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

## गैंगेस्टर के मामले में आरोपी पर दोष सिद्ध, सजा पर सुनवाई 9 सितंबर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनन्दन उर्फ शिवननी पुत्र विशुनदयाल निवासी नौली मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 9 सितंबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते 26 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर थानाध्यक्ष ने कुंवरपाल, शिवनंदन के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना थाना नवाबगंज पुलिस ने की थी। विवेचक ने साक्ष्य, गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनंदन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 9 सितंबर की तिथि नियत की गयी है। मुकदमा विचारण के दौरान कुंवर सिंह की मृत्यु हो गई थी।

# हिंदी विधि प्रतिष्ठान जनपद इकाई के अध्यक्ष बने गजराज सिंह चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ हिंदी विधि प्रतिष्ठान जनपद इकाई का हुआ गठन, महासचिव की जिम्मेदारी विजय मिश्रा को

▸ अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ में हुई सभा

हिंदी विधि प्रतिष्ठान जनपद इकाई की कार्यकारिणी के गठन के संबंध में आम सभा राजेश कुमार अग्निहोत्री सचिव अधिवक्ता संघ फतेहगढ़ के चेंबर में सम्पन्न हुई। संस्था के सदस्यों ने विचारोपरांत आम सहमति एवं बहुमत के आधार पर अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रविश द्विवेदी, अरुण कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार पाठक, महासचिव विजय कुमार मिश्रा, सचिव अनूप कुमार तिवारी, सांस्कृतिक सचिव अजय दुबे, कोषाध्यक्ष शिव कुमार बाथम, संयोजक काव्य गोष्ठी प्रभात अवस्थी व सदस्य कार्यकारिणी राकेश चंद्र त्रिपाठी, राम प्रकाश पाल, आनंद अग्निहोत्री, अरुण कुमार मिश्रा, सुनील यादव, दिनेश दुबे, सिद्धार्थ मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, हिमांशु कुशवाह, विजय बहादुर पाल का निर्वाचन संस्था के संरक्षक/मार्ग दर्शक राजेंद्र कुमार त्रिपाठी व सुधीर शर्मा ने संपन्न कराया। इस संदर्भ में जानकारी अनूप कुमार तिवारी सचिव द्वारा दी गई।

# किसान नेता की पहल पर रुनी चुरसाई की विद्युत व्यवस्था बहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में चल रही बिजली समस्या को लेकर आलू विकास एवं विपणन संघ के निदेशक किसान नेता अशोक कटियार के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता कक्ष में किसानों के साथ बैठक हुई। बैठक में रुनी चुरसाई की विद्युत आपूर्ति आज ही शुरु कराने का अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया। उपभोक्ताओं की अन्य समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश अधीक्षण अभियंता ने दिए।

किसानों की समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता ने अधिशाषी अभियंता ग्रामीण व नगर के साथ किसानों की समस्याओ पर विचार किया। अरविंद राजपूत ने कहा कि पोल टूटने के कारण पांच दिन से चुरसाई व आसपास के गांव में आपूर्ति ठप है। अधीक्षण अभियंता ने अधीनस्थ अधिकारियों को हर हाल में आज से आपूर्ति शुरु कराने के निर्देश दिए। पंकज कटियार ने कहा कि कीरतपुर की आपूर्ति लाइन बागों से होकर निकली है, इस कारण आये दिन फाल्ट से आपूर्ति बाधित होती है। यह लाइन रम्पुरा की तरफसे जोड़ दी जाए। योगेश कटियार उर्फ मंजू तथा मनोज कटियार ने बताया कि भोलपुर होली मोहल्ला में स्मार्ट मीटर लगने के बाद तीन गुना अधिक बिल आ रहे है। अधीक्षण अभियंता ने जांच कराकर बिल ठीक कराने का आश्वासन दिया। अशोक कटियार ने कहा कि अन्नदाता किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु योगी सरकार गभीर है।

सरकार की मंशा के अनुरुप काम न करने पर दोषी अधिकारी दंडित होगें। इस अवसर पर राजीव यादव लालू, बंगाली, सीटू, उत्तम यादव, पंकज कटियार, लियाकत खान आदि मौजूद रहे।



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते अशोक कटियार व अरविन्द



विसर्जन यात्रा में मौजूद भक्तगण

## भंडारे के साथ गणेश विसर्जन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गणेश महोत्सव के नावें दिन अबीर गुलाल लगाकर सिविल लाइन फतेहगढ में गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गयी। जिसमें महिलाओं बच्चों व नव युवकों द्वारा नाचते गाते हुए कर्बला घाट पर गणेश विसर्जन किया गया। बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने विसर्जन में भाग लिया। पंडित लोकू पाठक ने आरती व पूजन कराकर गणपति बप्पा को विसर्जन के लिए तैयार किया। भंडारे कार्यक्रम का आयोजन पिछली वर्ष की भांति बंटू यादव एवं समस्त कार्यकारिणी के सहयोग द्वारा किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान सभी भक्तों को प्रसाद व पूड़ी सब्जी वितरित किया गया। कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र राजपूत पप्पू, आकाश राजपूत के साथ कमेटी सदस्य कलक्टर राजपूत, परवेश, अतुल, राजेश, सचिन, सोनू, अरुण, नेता कश्मीर, मिथुन, जग्गा आदि ने गणेश विसर्जन यात्रा को बड़ी धूमधाम से निकला।

# पंचायत सहायकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पंचायत सहायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंचायत सहायक यूनियन ने मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष विवश्वत सिंह, दीपक गंगवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट को सौंपकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई उच्च गुणवत्ता युक्त मोबाइल फोन उपलब्ध कराया जाये। जिस विभाग का कार्य हम लोगों से लिया जाये, उस विभाग से पारिश्रमिक राशि निश्चित समय में दी जाये। जिस विभाग का कार्य लिया जाये, उसमें कार्य करने वाले कर्मचारी पंचायत सहायकों को श्रेय दिया जाये। क्राप सर्वे खेतों में मानसून का मौसम है। ऐसे में जंगली जानवर, कीड़ों-मकौड़ों आदि के हमले का भय रहता है। ऐसी स्थिति में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये का बीमा व परिवार के सदस्यों को नौकरी भी दी जाये।

शासन स्तर पर संचालित ग्रामीण नागरिकों को स्थानीय योजनाओं को जानकारी दी जाये।

दुर्गम क्षेत्रों में महिला पंचायत सहायको से कार्य न कराया जाये। इस मौके पर अभिषेक कुमार, मोनू तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, शुभम गंगवार, आकाश बाथम, दीपाली गंगवार, जगदीश कुमार, रिषव आदि लोग मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित चार पर मुकदमे के आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। याचिका की सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने मोहम्मदाबाद पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के लोहियानगर रोहिला निवासी अलका पुत्री कनौजी सिंह/पत्नी विवेक यादव ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि उसका विवाह 8 मार्च 2019 को हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार विवेक यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी पूरनपुर थाना भोगांव जनपद मैनपुरी के साथ हुआ था। पिता ने अपनी सामर्थ के अनुसार आवश्यक उपहार स्वरूप दान दहेज दिया था, परन्तु पति विवेक यादव, ससुर अवधेश यादव, सास आशादेवी, ननद प्रियंका अतिरिक्त दहेज की मांग का लेकर आये दिन प्रताड़ित लगे। उपरोक्त लोग अतिरिक्त दहेज में व्यापार करने हेतु व कार खरीदने हेतु 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। मैं चुपचाप सहती रही कि कुछ दिन बाद प्रताड़ना बंद कर देंगे, लेकिन ससुरालीजन आये दिन मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। प्रार्थिनी व उसके पति के संसर्ग से दो पुत्र पैदा हुये। पीड़िता ने थकहार हार कर अपने परिजनों को पूरी बतायी। परिजनों ने पंचायत भी की परन्तु ससुरालीजन द्वारा प्रताड़ना जारी रही। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से हृदय रोग की पीड़ित हो गयी। जिसका उपचार भी ससुरालीजनों ने नहीं कराया। 13 जुलाई को पति विवेक व ससुर अवधेश अपनी कार में मुझे बैठाकर सारा स्त्रीधन छीन लिया और मुझे छोटे पुत्र रीतेश के साथ मोहम्मदाबाद चौराहे पर छोड़ दिया और कहा कि अब हम तुम्हे नहीं रखेंगे तथा तलाक देकर दूसरा विवाह कर लेंगे। पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बात बतायी। ससुरालीजनों के खिलाफ स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब जाकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए मोहम्मदाबाद पुलिस को मुकदमा दर्ज कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# भाजपा नेता ने अप्लायंस केयर का किया उद्घाटन

▸ हमारे प्रतिष्ठान पर सभी प्रकार के टैक्नीशियन उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अप्लायंस केयर नगला दीना फतेहगढ़ में फीता काटकर भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह राठौर ने उद्घाटन किया। एक ही छत के नीचे मकान संबंधी सभी वस्तुएं व रिपेयरिंग हेतु उपलब्ध होगी। जिसमें कारपेंटर, पेंटर, राजमिस्त्री, इलैक्ट्रीशियन, एलईडी टैक्टनीशियन, प्लंबर, एसी टैक्नीशियन, रेफ्रिजरेशन टैक्नीशियन, सीसीटीवी कैमरा, सोलर पैनल, इनवर्टर बैटरी, मोबाइल रिपेयरिंग आदि उपलब्ध है। नई दुकान के संचालक विवेक सिंह व आशुतोष शुक्ला ने बताया कि अब ग्राहकों को दूर दराज तक जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। एक ही छत के नीचे सभी रिपेयरिंग टैक्नीशियन मिल जायेंगे। शैलेन्द्र राठौर का विवेक सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर बृजेश शर्मा, मनोज कुमार, शैलेश वर्मा, रुद्र प्रताप सिंह, सुरभि सिंह, व्यान शुक्ला, सोनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



दुकान का उद्घाटन करते शैलेन्द्र सिंह राठौर

# गौरी के लाल की विदाई में अबीर गुलाल से भक्त हुए सरावोर

▸ जगह-जगह भक्तों ने फोड़ी मटकी, बांटा गया प्रसाद, हुआ भण्डारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव के नवें दिन धूमधाम से शहर में विसर्जन यात्रायें निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने विसर्जन यात्रा में भाग लिया। गुरुगांव देवी मंदिर से पांचाल घाट तक रेलवे स्टेशन से पांचाल घाट, पांचाल घाट से पांचाल घाट तक सभी सड़कों पर पूरे दिन विसर्जन यात्रायें निकलती रही। गंगापार से आने वाली बसों को पुल के दूसरी ओर ही रोक दिया गया। शहर में जाम की स्थिति को देखते हुए जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। गौरी के लाल गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ाकर धमाल मचाया। जगह-जगह मटकी फोड़ी गयी। डीजे की धुन पर भक्तगण जमकर थिरके, साथ ही महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और नाचते गाते हुए गणपति को विदा किया। पांचाल घाट पर बड़ी संख्या में पहुंची विसर्जन यात्राओं में गणेश का विसर्जन हुआ।

साथ ही भण्डारे का आयोजन हुआ। रास्ते में भी भक्तों ने विसर्जन यात्रा के दौरान प्रसाद वितरित किया। केला, सेब, पूड़ी सब्जी व अन्य सामिग्री के भी प्रसाद वितरित किये गये। नव युवक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ विसर्जन यात्रा में महिलाओं ने भी नाच गाकर भगवान गणेश को विदा किया।



विसर्जन यात्रा में मौजूद महिलायें व युवतियां

# ट्रक चालक ने बाइक में मारी टक्कर दो घायल

**जालौन (उरई)।** उरई की ओर जा रहे बाइक सवार की बाइक में सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर निवासी मंगल सिंह (45) अपने एक साथी के साथ गुरूवार की दोपहर बाइक से उरई जा रहे थे। तभी निर्माणाधीन ताईबाई द्वार के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला।

# अधिवक्ता पुत्र की हत्या में न्यायालय ने विवेचना का दिया आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तत्कालीन भोजपुर चौकी प्रभारी किरनपाल नागर ने विवेचना ने नाम पर खानापूर्ति कर न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। वादी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रोटेस्ट दाखिल की। सुनवाई के करते हुए न्यायाधीश ने उक्त घटना के मामले में पुनः विवेचना का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के भोजपुर बघार पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने अधिवक्ता रामनरेश कटियार के पुत्र शानू उर्फ परितोष कटियार की कार चालक ने टक्कर मारकर हत्या कर दी थी। मुकदमा वादी का कहना है कि मेरे पुत्र की पत्नी शालिनी कटियार ने अपने पिता व भाई व अभियुक्त के साथ मिलकर उसकी हत्या करवाकर एक्सीडेंट का रूप दे दिया। विवेचक को सबूत के तौर पर सी.सी.टी.वी. फुटेज दी गई। उसके बाद विवेचना में लापरवाही बरतते हुए न्यायालय में फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर दी गयी।

## गरीब नवाज रिलीफफाउंडेशन ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**जालौन (उरई)।** दावते इस्लामी इंडिया की शाखा गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिवस पर सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। दावते इस्लामी के प्रमुख सदस्य सैयद आमिर अत्तारी, ने कहा कि पैगंबर साहब का जीवन प्रेम, भाईचारे और शांति का संदेश देता है, जिसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया। बताया कि फाउंडेशन सामाजित समरसता का संदेश देता है। इस दौरान सदस्यों ने मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस मौके पर चकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता निजाम अत्तारी, इमरान अत्तारी, सूफी वालीउल्लाह अत्तारी, जफर अत्तारी, अरशद मक्की अत्तारी, सोहिल अत्तारी, राशिद अत्तारी, इस्माइल अत्तारी, अरशद अत्तारी मदनी, सादिक बरकाती, एडवोकेट सोहिल कुरैशी, फैयाज कुरैशी, महताब कुरैशी, अशरफअत्तारी, अदनान अत्तारी, मुसीर अत्तारी, कोहिनूर आदि मौजूद रहे।

# जाब कार्ड धारक महिलाओं को रोजपरक जानकारी देने के निर्देश

- डीएम ने विकास खण्ड मझवां, जमालपुर, पटेहरा कला व हलिया के विभिन्न मदो में सबसे खराब प्रगति पर व्यक्त की गई नाराजगी
- खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा योजनाओं में रूचि न लेने के कारण प्रगति खराब, 25 सितम्बर तक शत प्रतिशत लाने के निर्देश

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन की बैठक आहूत कर योजना के तहत संचालित विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली गई।

कई योजनाध्कार्यो में विकास खण्ड मझवां, जमालपुर, पटेहरा कला एवं हलिया की सबसे खराब प्र्गति पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन कार्यो में खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा रूचि नही ली जा रही है जिसके कारण से प्रत्येक योजना/मदों में खराब प्रगति हैं। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यक्तिगत रूचि लेते हुए लोकोस प्रोफालिंग अप्रूव एसएचजी, बीओ प्रोफालिंग, सीएलएफआनलाइन ट्रांजेक्शन का शुभारम्भ, बीओ आनलाइन ट्रांजेक्शन प्रगति, एसएचजी/सीएलएफ आनलाइन ट्रांजेक्शन प्रगति को 25 सितम्बर 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार परिवार संतृप्तिकरण व एसएचजी बीओ मैपिंग, सीएलएफरजिस्ट्रेशन के प्रगति को इस माह के अन्त तक विकास



खण्ड हलिया व जमालपुर 70 प्रतिशत तथा शेष विकास खण्ड शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मनरेगा के प्रत्येक जाब कार्ड धारक महिला सदस्यों को समूह से जोड़कर रोजपरक जानकारी दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना, आजिविका गतिविधि में शाामिल स्वंय सहायता समूह सदस्य के तहत माह के अन्त तक कम से कम 60 प्रतिशत प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजिविका के इच्छुक कार्य करने वाली समूहो को जनपद के विभिन्न उद्यमियों को उपायुक्त उद्योग के माध्यम से सूची देते हुए उन्हें विभिन्न रोजगार से जोड़ा जाए।

विभिन्न टेऊ्ड के उद्यमियों के द्वारा जो समूह महिला जिस क्षेत्र में यथा कालीन बुनाई, पीतल उद्योग, साड़ी बुनाई, आचार, पापड़, चिप्स मसाला आदि के क्षेत्र में प्रशिक्षित करते हुए उन्हें स्वारोजगार से जोड़ा जाए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उद्यमियों द्वारा उन्हें रा मटेरियल उपलब्ध कराएं तथा सामाग्री प्रोडक्ट को बनने के बाद उद्यमी स्वंय उसे लेकर अपने स्तर से मार्केटिंग करे तथा महिला सदस्यों उचित मानदेयध्मजदूरी दिया जाए।

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह को स्टार्टअप फंड प्रदान करने की स्थिति, सीसीएल प्रगति रिपोर्ट एसएचजी को वितरित आर की स्थिति, एसएचजी को वितरित सीआईएफ की स्थिति, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित स्वयं सहायता समूह, आपरेशनल बी0सी0 सखी, इंटरप्राइजेज फाइनेंसिंग इंटरनल लैंडिंग, अटल पेंशन से जुड़े सदस्य, पोटेंशियल लखपति दीदी, डिजिटल आजीविका रजिस्टर, लखपति दीदी आजीविका आय एक लाख से अधिक, एफएनएच डब्लू गतिविधियां शुरुआत करने वाले सीएलएफ सीएलएफ बीजीए फंड स्थिति, सीएलएफ बीजीएफ फण्ड की स्थिति, सीएलएफ आंतरिक आडिट, वीओ आंतरिक आडिट, एसएचजी आंतरिक आडिट, सक्रिय विद्युत सखी, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य संस्करण उद्यम का औपचारिकता लक्ष्य के सापेक्ष सदस्य, सीएम युवा उद्यमी योजना लोन एप्लीकेशन, बीपीआरपी प्लान ग्राम स्तर पर तैयार, आईसीआरपी एफएनएचडब्ल्यू चयन, उत्पादक समूह गठन, एईपी गतिविधि से जुड़ी महिला किसान, उत्पादकता समूह सपोर्ट फंड प्रदान करने की स्थिति, एनआरएलएम एसएनए फंड की स्थिति, कृषि आजिविका सखी चयन की स्थिति, समूह समूह सखी चयन की स्थिति, सीएलएफ बुक कीपर चयन की स्थिति, बैंक सखी चयन की स्थिति, सूक्ष्म उद्योग सखी चयन की स्थिति, समूह गठन की प्रगति आदि बिंदुओं की बिन्दुवार समीक्षा की गई की तथा अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त एन.आर.एल.एम., प्रबंधक लीड बैंक, उद्यमी आशीष बुधिया, मोहन दास अग्रवाल अन्य सम्बन्धित अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहें।



## सहकारी समिति के नव निर्मित भवन का उद्घाटन

**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कस्बे मे स्थापित सहकारी समिति अदलहाट के 14 लाख 69 हजार की लागत से बने नव निर्मित भवन का उद्दघाटन विधायक अनुराग सिंह विधान सभा क्षेत्र नरायनपुर के कर कमलों द्वारा बुद्धवार को बाद दोपहर किया गया। मुख्य अतिथि का स्थानीय समिति की ओर से माल्यार्पण कर प्रतिक चिन्ह तथा अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा फिता काटकर नव निर्मित भवन के उद्दघाटन समारोह में किसानो को सम्मानित करते हुए कहा कि समिति के मूल उद्देश्य मुख्य समिति का विश्वास समाप्त हो जाता है। सरकार की मशा है कि एक ही स्थान पर सहकारिता के क्षेत्र मे तमाम आवश्यक वस्तुओ की उपलब्धता एक ही स्थान पर होगी विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी समिति के चेयर मैन डांव जगदीश सिंह पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए समिति की ओर से किसान सदस्यो को मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला तथा नये सदस्यो को सहकारी समिति से सदस्यता ग्रहण करने का आहवाहन किया। सभा को पूर्व जिला सहकारी समिति के चेयर मैन सुरेन्द्र सिंह एडवोकेट ने भी सम्बोधित किया इस अवसर पर बैंक संचालन राममणी सिंह, सुनील कुमार गुप्ता संघ के अध्यक्ष सुरेश सिंह, दिनेश सिंह,रमाकांत सिंह, रणजीत सिंह, सहित तमाम कार्य समिति के सदस्य कन्हैया लाल, बुद्धराम एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनरायन सिंह तथा संचालन चन्दशेखर द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत, परिजनों में कोहराम



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में गुरुवार दोपहर गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से महिला पशुपालक की मौत हो गई। क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी 63 वर्षीया बुधनी देवी पत्नी स्वर्गीय मीरा कहार अपने घर से एक किलोमीटर दूर मछेहुआ नाले के पास बकरियों को चराने गईं थी। दोपहर में तीन बजे के बाद गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। पानी से बचने के लिए महिला पास में स्थित नीम के पेड़ के नीचे जाकर बैठ गई। उसी दौरान आकाशीय बिजली नीम के पेड़ के पास गिर पड़ी जिसकी चपेट में आकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मां की मौत की खबर पाकर बेटा बलिराज दौड़ते हुए बदहवास हालत में मौके पर पहुंचा। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे एसआई मनसुख यादव व कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने घटना की जांच कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत महिला के पति की मौत 17 वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतका को दो पुत्र और दो पुत्री हैं। मृतका का बड़ा पुत्र गोरेलाल नौकरी की तलाश में एक सप्ताह पूर्व मुम्बई गया था। मां की मौत की खबर पाकर घर के लिए निकल चुका है। महिला की मौत की सूचना मिलने पर महिला के घर पहुंचकर प्रधान पति पुंडरीक सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी धीरज मिश्र, बीडीसी सुशील पटेल, विमलेश पांडेय संजय तिवारी, विवेक मिश्र, अमित सिंह आदि ने मृत पशुपालक महिला के बेटे बलिराज और परिजनों को ढांढस बंधाया। एसआई मनसुख यादव ने बताया कि बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में बकरी चराने गई महिला की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज, आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज कस्बा स्थित चाय पान के दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने वाले के विरुद्ध पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। दुकानदार छविनाथ तिवारी ने मंगलवार को धमकी देने वाले के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। दी गई तहरीर में दुकानदार ने आरोप लगाया था कि चाय का पैसा मांगने पर देवहट गांव निवासी कमरूद्दीन गाली गलौज देते हुए तमंचा लाकर जान से मारने की धमकी दी थी। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध गाली गलौज व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में उपनिरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि चाय के दुकानदार को जान से मारने की धमकी देने वाले देवहट गांव निवासी कमरूद्दीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### किसान की राप्ती नदी में डूबने से मौत

- तीन दिन बाद किसान का मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र में राप्ती नदी में भैंस को बचाने की कोशिश में गये एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान पिंगल यादव (55) के रूप में हुई है। घटना बीते सोमवार की है। पिंगल यादव अपनी भैंस को राप्ती नदी के किनारे चरा रहे थे। इस दौरान भैंस नदी में चली गई। उसे बचाने के लिए पिंगल यादव भी नदी में उतर गए। लेकिन वह नदी की तेज धारा में बह गए। गुरुवार को उनका शव बृजमनगंज क्षेत्र के ग्राम चौका टोला कोमर में राप्ती नदी से बरामद हुआ। मृतक के बेटे जंग बहादुर यादव ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। जंग बहादुर यादव सतवाड़ी, थाना जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं। थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए महाराजगंज के जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## देवघर से बागेश्वर धाम दर्शन के लिए पदयात्रा पर निकले हनुमान भक्त सुमित

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** झारखंड के देवघर जिला से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम दर्शन पूजन के लिए हाथ में तिरंगा व भगवा ध्वज लेकर पदयात्रा पर निकले बालाजी हनुमान भक्त सुमित कुमार झा बुधवार को सोलहवें दिन ड्रमंडगंज बाजार पहुंचे। देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गांव निवासी हनुमान भक्त सुमित कुमार झा ने बताया कि बागेश्वर धाम स्थित बालाजी का दर्शन करने व बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री का आशीर्वाद लेने के लिए नंगे पांव पदयात्रा का संकल्प लिया है। बीते 19 अगस्त को घर से 810 किलोमीटर दूर बागेश्वर धाम की पदयात्रा पर निकले हैं। सुमित कुमार झा ने बताया कि आज सोलहवें दिन ड्रमंडगंज पहुंचे हैं दस सितम्बर से पूर्व बागेश्वर धाम पहुंचने का लक्ष्य रखा है। ड्रमंडगंज बाजार पहुंचने पर स्थानीय निवासी सोनू सिंह ने बालाजी भक्त के नंगे पांव पदयात्रा के संकल्प की सराहना करते हुए जलपान कराया।

## त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम-एसपी ने किया पैदल गस्त

- त्योहारों पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बुधवार की शाम परतावल बाजार में फ्लैग मार्च किया।

गोरखपुर-महराजगंज मार्ग से गुज़रे इस मार्च ने स्थानीय लोगों में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा जगाया।

समृद्धि न्यूज संवाददाता के अनुसार पैदल गस्त के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लगातार भ्रमणशील रहकर संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नज़र रखें। उन्होंने एसडीएम व सीओ को आदेश दिया कि पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि



जुलूसों के लिए निर्धारित मार्गों पर अतिरिक्त चौकसी रखी जाए तथा किसी भी शरारती तत्व के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने पर भी ज़ोर दिया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को सतत गश्त और भ्रमण करते रहना चाहिए ताकि लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें।

फ्लैग मार्च के दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर जयप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## चाकू के हमले से युवक की मौत, मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा

**अदलहाट (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के टेडुंआ गांव में बुधवार को एक पान गुटके के गोमती में सामान लेने देने के मामले में दो युवकों के बीच हुए विवाद में चाकू से वार करने और सर पर पत्थर पटकने से गंभीर रुप से घायल हुये युवक को ट्रामा सेंटर वाराणसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर अग्रिम कार्यवाई मे जुट गई।


घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार थाना के टेडुंआ गांव निवासी छोटे लाल गिरी ने वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर गांव के बाहर स्थित एक पान गुटके की गुमटी दो दिन पूर्व खोल रखा था। बुधवार को दिन में 12.30 बजे उसका पुत्र विशाल गिरी दुकान पर बैठा था कि गांव का ही सूरज गिरी 24 वर्ष पुत्र मंगला गिरी गुमटी पर



पहुंचा और सामान देने के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दूसरे युवक विशाल गिरी ने चाकू से सूरज गिरी पर हमला कर दिया और वहीं पास रखे बोल्डर को उसके सर पर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल होकर जमीन पर गिर कर तड़पने लगा। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने उसे गंभीर अवस्था में उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजवाया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। मौके पर फोरेंसिक टीम प्रभारी आनंद सिंह ने पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। सूचना लगते ही पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक सूरज गिरी अपराधी किस्म का युवक था उसके खिलाफवाराणसी के मिर्जामुराद व जीआरपी में लूट, छीनैती, चोरी में कुल सात मुकदमे पंजीकृत हैं। सूरज गिरी की मौत चाकू से वार करने व सर पर बोल्डर पटकने से हुई है।

## बृजमनगंज को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर विकास को मिलेगी गति : राकेश



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बृजमनगंज नगर पंचायत को नगर विकास मंत्रालय द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह के सहयोग से दो वर्ष के कार्यकाल में ही नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा मिलना विकास की ओर एक कदम है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत द्वारा नगर विकास कल्याण अनुभाग को इस आशय का प्रस्ताव दिया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त सचिव नगर विकास अनुभाग कल्याण बनर्जी ने आदर्श नगर पंचायत बनने का पत्र 27 अगस्त को पत्र जारी किया है। आदर्श नगर पंचायत बनने से चयनित नगर पंचायत को चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि प्राप्त होगी। जिसे नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, पाइप लाइन, पार्क, पथ प्रकाश सहित विभिन्न सौंदर्गीकरण कार्यों में व्यय किया जाएगा। बृजमनगंज को दिसंबर 2019 में नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ था। जिसमें मई 2023 में चुनाव कराकर राकेश कुमार जायसवाल को प्रथम नगर अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आदर्श नगर पंचायत बनने से कस्बे का तेजी से विकास होगा इस अवसर पर सभासद झीनक विश्वकमा जे पी गौड अनूप कुमार बुधीराम प्रसाद सुरेंद्र झीनक चौधरी धर्मेंद्र कुमार चौरसिया जितेंद्र कुमार मनोज जायसवाल वरिष्ठ लिपिक रमेश चौधरी समय तमाम लोग मौजूद रहे।

## ब्लाक सत्रागार में शिक्षक उन्नयन संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई फरेंदा द्वारा व्लाक सभागार में शिक्षक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुन्य अतिसि जिलाध्यक्ष केशव मणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र व जनपदीय कार्यस?मिति के सदान्त्य गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.सुशील कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिसक श्रीचन्द और विकास फरेंदा के विभिन्न विद्यालयों पर कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया सम्मानित किये गये शिक्षकों में प्रेमचन, सुशील शाही, आशालता, ज्योत्सना विशेन, शिव कुमार, पडीपचन बावार वृजेश मौर्या को स्मृति चिन्ह एवं अंग वात्त देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात द इकाई फरेंदा इकाई का विस्तार किया गया। जिवने दुर्गेश पाण्डेय को तहठील प्रआरी, राजन गुप्ता को वरिष्ट उपाध्यक्ष, हरेराम पाण्डेय को उपाध्यक्ष एवं लक्ष्मण प्रसाद वर्मा को उपाध्यक्ष, गुरुदयाल यादव एवं अतुल नापक को संगठन मंत्री, रजनीश श्रीवास्तव व हदपेश



द्विवेदी को सक्रिय सदस्य नामित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक हित में सदैव अग्रणी भूमिका निभायेगा। कार्यक्रम को जिला मती सत्येन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ उपाध्याथ्य वैजनाथ सिंह, संयुक्त मत्ती अधिलेडा पाठक, ब्लाक अध्यक्ष विजय प्रताप पाण्डेय, ब्लाक मेत्री विरेन्द्र मोर्य, तहसीन प्रभारी दुगेश पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गण्ड शिक्षा अधिकारी सुदामा प्रसाड ने किया। उक्त अवसर पर राजन गुप्ता, प्रमोरपाल वृजेश विश्वकर्मा, वेशीवर पाण्डेय, कमलेश तिवारी स्वीटि बनवाल, ब्रजवल्लभलिअ, डा. कैलाशनाथ मौर्य, दीपक गुप्ता, अल्प कुमार, शैलेन्डराय सहित अन्य शिक्षक उपास्थित रहे।


अहले वतन को जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नवी की दिली मुबारकबाद
(छिबरामऊ परिशिष्ट)































